संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 08 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2024 के अवसर पर नई दिल्ली में शनिवार को सेना के अधिकारी बैज लगाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 337 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# इंडिया गठबंधन में आई दरार!

## 'मैंने इंडिया गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें: ममता बनर्जी

**गुटबाजी**

**सपा और शिवसेना-यूबीटी ने समर्थन किया; भाजपा बोली- विपक्ष को राहुल पर भरोसा नहीं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हरियाणा-महाराष्ट्र और उपचुनावों में इंडिया ब्लॉक के खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने इंडिया गठबंधन बनाया। इसका नेतृत्व करने वाले इसे ठीक से नहीं चला सकते, तो मुझे मौका दें। मैं बंगाल से ही गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हूं।' ममता बनर्जी के बयान का शिवसेना के सांसद संजय राउत और समाजवादी पार्टी (एसपी ने समर्थन किया है। राउत ने शनिवार को कहा, 'हम भी चाहते हैं कि वे विपक्षी इंडिया गठबंधन की प्रमुख भागीदार बनें। चाहे वह ममता बनर्जी हों, अरविंद केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सभी एक साथ हैं। हम जल्द ही कोलकाता में ममता बनर्जी से बात करने जाएंगे।' वहीं, सपा नेता उदयवीर सिंह ने भी ममता बनर्जी के बयान का समर्थन किया। उन्होंने शनिवार को कहा, 'लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से सपा ने 37 सीटें जीतीं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने 42 सीटों में से 29 सीटें जीतीं। भाजपा को इन दो राज्यों में 35 सीटों का नुकसान हुआ। सभी दल सहमत हों तो सपा ममता का समर्थन करेगी।' भाजपा ने इंडिया गठबंधन में नेतृत्व को लेकर ममता के बयान पर कहा- विपक्ष के नेताओं को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे अब भी राहुल को राजनीति का कच्चा खिलाड़ी समझते हैं। विपक्ष में कई लोग हैं जो राहुल को राजनीतिक तौर पर विफल मानते हैं।

### पार्टी मेरा उत्तराधिकारी तय करेगीः ममता

**ममता** से पार्टी में उनके उत्तराधिकारी के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा- टीएमसी एक अनुशासित पार्टी है। यहां कोई भी नेता अपनी शर्तें तय नहीं कर सकता। पार्टी तय करेगी कि लोगों के लिए क्या सबसे अच्छा है। हमारे पास विधायक, सांसद, बूथ कार्यकर्ता हैं, जो तय करेंगे कि मेरे बाद पार्टी कौन संभालेगा।

ममता बनर्जी के करीबी नेताओं और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के करीबी नेताओं के बीच मतभेद की स्थिति टीएमसी में लंबे समय से देखने को मिली है। इसे लेकर ममता ने कहा- पार्टी के लिए हर कोई महत्वपूर्ण है। आज का नया चेहरा कल का अनुभवी होगा।

## भारतीयों को सीरिया की यात्रा से बचने की सलाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विदेश मंत्रालय ने सीरिया में जारी हिंसा के मद्देनजर भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यात्रा परामर्श जारी करते हुए कहा कि सीरिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने सीरिया में मौजूद भारतीयों को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और आधिकारिक ईमेल आईडी के माध्यम से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी है। जो लोग वापस लौट सकते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे जल्द से जल्द उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों से चले आएं और अन्य लोगों से अपनी सुरक्षा के बारे में अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी गतिविधियों को सीमित रखने की अपील की गई है।

## जो 26/11 पर होना चाहिए था, वो बालाकोट-उरी में हुआः जयशंकर



**परिवर्तन का दौर**

**परंपराओं को लेकर प्रतिबद्ध बना हुआ है, तो भविष्य की ओर देखने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत इस समय बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह अपनी परंपराओं को लेकर प्रतिबद्ध बना हुआ है, तो दूसरी तरफ भविष्य की ओर देखने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है।

**उरी और बालाकोट से दुश्मन को मिला साफ संदेश**

जयशंकर ने कहा कि आज हम आतंकवाद का जिस तरह से जवाब दे रहे हैं, उसे देखिए। एक देश जिसने 26/11 जैसे बड़े आतंकी हमले का भी जवाब नहीं दिया, वह उरी और बालाकोट में कार्रवाई के जरिये स्पष्ट संदेश दे रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि यह विदेश मंत्री बनने का अच्छा समय है। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत इस समय वैश्विक विमर्श को आकार दे रहा है और चीन के साथ सीमाओं पर चुनौतियों का दृढ़ संकल्प के साथ सामना कर रहा है। ऐसे समय में विदेश में देश का चेहरा बनना सौभाग्य की बात है।

### क्वाड को आगे बढ़ाने का श्रेय ट्रंप को

अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से पारंपरिक नीतियों को तोड़ने की कोशिश में है, क्वाड संगठन को उनके समर्थन को लेकर आशंका जताई जा रही है। लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर इन आशंकाओं को निर्मूल मानते हैं और कहते हैं कि ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे, तब क्वाड की शुरूआत विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की बैठक के तौर पर हुई थी। क्वाड को आगे बढ़ाने का श्रेय ट्रंप प्रशासन को ही दिया जाना चाहिए। जयशंकर शुक्रवार को

## ईडी ने महादेव ऐप मामले में नई संपत्ति जब्त की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में चल रही धन शोधन जांच के तहत करीब 388 करोड़ रुपये की नई संपत्ति जब्त की है। इस मामले में छत्तीसगढ़ के कई राजनेताओं और नौकरशाहों के कथित रूप से शामिल होने का आरोप है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि ईडी रायपुर जोनल ऑफिस ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत 05 दिसंबर, 2024 को चल और अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। हरि शंकर टिबरेवाल से संबंधित निवेश और छत्तीसगढ़, मुंबई और मध्य प्रदेश में स्थित कई सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के प्रमोटरों, पैनल ऑपरेटरों और के सहयोगियों के नाम पर मौजूद संपत्तियां हैं।

## मसूद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे पाकः भारत

**मांग**

**भारत ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत ने पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। हाल ही में ऐसी रिपोर्टें सामने आई हैं कि अजहर ने पाकिस्तान के बहावलपुर में एक सभा की और भाषण दिया है।


**पाकिस्तान का दोगलेपन उजागर**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि हम उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हैं। उसे न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। इस बात से इनकार किया जाता रहा है कि वह पाकिस्तान में नहीं है।

अगर रिपोर्टें सही हैं तो यह पाकिस्तान के दोगलेपन को उजागर करती हैं। मसूद अजहर भारत पर सीमापार आतंकवाद में शामिल है।







# एक दो नहीं पूरे नौ परिवारों की भावनाओं के साथ खेला, खुद बताया उसने ऐसा क्यों किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** जिस राजू को साहिबाबाद के शहीदनगर का परिवार अपना 31 साल पहले लापता हुआ बेटा मानकर खुशी मना रहा था, वह शातिर चोर निकला है। उसने पांच राज्यों के नौ परिवारों के साथ इसी तरह से छल किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट के सामने पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की जांच में आया कि इस तरह किसी परिवार की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने के पीछे उसका मकसद कुछ दिन ऐश ओ आराम से रहना होता था। जैसे ही पोल खुलने की आशंका होती थी, वैसे ही कुछ भी बहाना बनाकर निकल जाता था और दूसरे परिवार को अपने छल का शिकार बनाने की फिराक में लग जाता था।




**न गाजियाबाद और न ही देहरादून का निकला राजू**

पुलिस ने एक सप्ताह की जांच-पड़ताल के बाद इंद्रराज उर्फ राजू के रहस्य से पर्दा उठ जाने का दावा किया है। वह मूल रूप से राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के जैतसर क्षेत्र के जसद बुगिया का रहने वाला है और आठवीं फेल है। वह बचपन से ही चोरी करने लगा था। पुलिस आए दिन घर आती थी। 18 साल की उम्र तक उसके खिलाफ चोरी के 24 केस दर्ज हो चुके थे। इससे परेशान होकर पिता चुन्नी लाल ने 2005 में उसे संपत्ति से बेदखल कर घर से निकाल दिया था। चोरी की रकम से वह मौज मस्ती करता था। उसे ऐश ओ आराम से रहने की आदत हो गई थी। घर से निकाल दिए जाने के बाद उसने छल प्रपंच से ऐश ओ आराम की जिंदगी जीने की साजिश रची।

**ऐसे राजू चुनता था पीड़ित परिवार**

राजू किसी भी थाने में पहुंच जाता। कहता कि उसका इसी क्षेत्र से अपहरण हुआ था। तब वह दो तीन साल का ही था, इसलिए कुछ और याद नहीं। कहीं वह 20 साल पहले अपहरण होना बताता तो कहीं 30 साल। ऐसे में पुलिस आसपास के उन लोगों को बुलाती जिनके बच्चे उस दौरान लापता हुए हों। हर जगह कोई न कोई परिवार उसे अपना लापता हुआ बेटा मानकर साथ ले जाता।

**हर जगह सुनाता था एक ही कहानी**

कोई चेहरे पर चिन्ह देखकर उसके अपना बेटा मानता तो कोई शरीर के किसी हिस्से में तिल देखकर। हर जगह उसकी एक ही कहानी रहती कि अपहरण के बाद उसे बंधक बनाकर रखा गया और बहुत यातनाएं दी गईं। ऐसे में परिवार उसकी हर फरमाइश पूरी करता। कुछ दिन बाद जैसे ही उसे पोल खुल जाने का डर सताता, वह वहां से निकल लेता। उसने राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के नौ परिवारों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया। कहीं पर एक महीने रहा तो कहीं चार महीने।

# 26 साल से फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मध्य जिले के** आईपी स्टेट थाना के एलएनजेपी पुलिस चौकी टीम ने 26 साल से फरार चल रहे वांछित भगोड़े अशोक यादव को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से गिरफ्तार किया है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपित के खिलाफ जामा मस्जिद थाना में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज हुआ था, जिसमें उसे 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उस मामले में पैरोल पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया और 26 साल से ठिकाना बदल कर बचता रहा।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**शुद्धि पत्र**

ई–खुली निविदा सूचना सं0 **सीपीएम–जीएस–आईजेडएन–2024–11** जो दिनांक 12.12.2024 को खोली जानी थी। प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है। इस शुद्धिपत्र को भारतीय रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**उप मुख्य इंजीनियर/गतिशक्ति**
**मुजाधि/डब्लू–320 इज्जतनगर**

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## उत्तर रेलवे

**कोटेशन/नीलामी सूचना**

कार्य हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित हैं:–

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम** | गाजियाबाद में कोटगांव रेलवे क्रॉसिंग के पास 55 पेड़ों को हटाना और निपटान करना मौजूदा नई दिल्ली हावड़ा मार्ग पर एनडीएलएस (शामिल)–गाजियाबाद (शामिल) खंड पर 160 किमी प्रति घंटे / 200 किमी प्रति घंटे की गति, यात्रा के समय को प्राप्त करने का एक मिशन नई दिल्ली से हावड़ा के बीच 12 घंटे के सिलसिले में 2X25 केवी एसी ट्रैक्शन पावर सप्लाई सिस्टम के लिए पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (एससीएडीए) प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग में। हटाने और निपटान सहित 55 पेड़ों के अवशिष्ट मूल्य की वसूली के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं जो निश्चित रूप से 16.12.2024 को 15:00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा। कोटेशन प्राप्त करने के तुरंत बाद उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/नई दिल्ली, उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली कार्यालय में कोटेशनकर्ताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। |
| **पुनर्प्राप्त करने के लिए कार्य का अनुमानित मूल्य** | ₹55,660/- (आरक्षित मूल्य) |
| **खोलने की तिथि** | 16.12.2024 को 15:00 बजे तक |
| **समापन अवधि** | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 10 (दस) दिन |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3773/2024

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डर क्रमांकः** CEN05GWL1724 **दिनांकः** 05.12.2024

**ई टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य अभियन्ता निर्माण उ0म0रे0 ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई निविदा (टू-पैंकेट सिस्टम) ऑन लाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है :-

**कार्य का विवरणः** ग्वालियर श्योपुरकलाँ आमान परिवर्तन परियोजना में सबलगढ से श्योपुरकलाँ खंड में रोड ओवर ब्रिज का निर्माण

**अनुमानित लागतः** ₹49.23 Cr. **निविदा बन्द होने की तिथिः** 28.12.2024

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 months

ऑन लाइन निविदा **दिनांक 28.12.2024 को 12.00 बजे** तक जमा की जा सकती है। पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** देखें। **2092/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पवन उर्फ जोनी उर्फ अंकुश पुत्र राकेश, निवासी प्लॉट नंबर–06, खसरा नंबर 58/18, ग्राउंड फ्लोर, के–4, अगर नगर, दिल्ली, व ए–30, गली नंबर–3, अमर कॉलोनी, कमरुद्दीन नगर, नांगलोई, दिल्ली में भी ने EFIR No. 001268/2019, U/S 380/411 IPC, अन्तर्गत थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन उर्फ जोनी उर्फ अंकुश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पवन उर्फ जोनी उर्फ अंकुश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **EFIR No. 001268/2019, U/S 380/411 IPC, अन्तर्गत थाना प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पवन उर्फ जोनी उर्फ अंकुश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री नवदीप गुप्ता**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी, उत्तर–पश्चिम,**
**कोर्ट नंबर 109, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16052/RD/2024(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बंटी उर्फ केदार नाथ पुत्र नंद किशोर पुत्र नंद किशोर** निवासी मकान नं. 10, B/18, G. नंबर 5, अंबेडकर बस्ती, मौजपुर, दिल्ली, ने **FIR.No 279/2013, U/s 379/411 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **वेलकम,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बंटी उर्फ केदार नाथ** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बंटी उर्फ केदार नाथ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No 279/2013, U/s 379/411 IPC.,** थानाः **वेलकम,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बंटी उर्फ केदार नाथ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
दीपाक्षी राणा, **MM-03,**
शाहदरा कोर्ट नंबर 19 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/15719/NE/2024**

## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर पार्किंग व पार्सल पैकिंग के फर्श के ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र सं | नीलामी काटलोग सं. | कार्य का विवरण | रेट यूनिट | ट्रिप्स/दिन | नीलामी प्रारम्भ तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Parking 0924 | 2nd एंट्री, अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर संयुक्त पार्किंग हेतु। कुल एरिया – 500 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 11.12.2024 11:00:00 |
| 2. | UMB-Parking 1024 | जगधारी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका (साईट प्लान के अनुसार) | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 16.12.2024 10:00:00 |
| 3. | UMB-Parking 1024 | आम्ब अन्दौरा रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया – 1785.44 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 16.12.2024 10:00:00 |
| 4. | UMB-Parking 1024 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन (सर्कुलर एरिया) पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का संयुक्त ठेका। कुल एरिया – 2384.74 वर्ग मी। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 16.12.2024 10:00:00 |
| 5. | UMB-Parking 1024 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन 2nd एंट्री (पंचकुला साइड) पर प्राइवेट कार (7864 वर्ग मी), भाडा (Hired) वाहन (1666 वर्ग मी), तीन पहिया (786 वर्ग मी) और दो पहिया (1709 वर्ग मी) का ठेका। कुल एरिया – 12,025 वर्ग मी। | कुल लैसेंस फीस | 181 | 16.12.2024 10:00:00 |
| 6. | UMB-Parking 1124 | शिमला रेलवे स्टेशन (नियर रिजर्वेशन ऑफिस) पर दो पहिया और चार पहिया का ठेका। | वार्षिक लैसेंस फीस | 1095 | 17.12.2024 11:00:00 |

धरोहर राशी, बोली मूल्य में कम से कम बढ़ोतरी मूल्य, नीलामी आमंत्रण सुचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। **3766/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देशभर में 19 दिसंबर से शुरू होगा प्रशासन गांव की ओर अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चौथे सुशासन सप्ताह के दौरान 19 दिसंबर को एक राष्ट्रव्यापी अभियान ह्यप्रशासन गांव की ओर शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक शिकायतों का निवारण और सेवा वितरण में सुधार करना है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह अभियान 19 से 24 दिसंबर तक देश के सभी जिलों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। अभियान में 700 से ज्यादा जिला कलेक्टर हिस्सा लेंगे और अधिकारी तहसीलों और पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है जब भारत सरकार जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर राष्ट्रीय अभियान चलाएगी। सुशासन सप्ताह का प्रारंभिक चरण 11 से 18 दिसंबर तक चलेगा। सुशासन सप्ताह के कार्यक्रम को शुरू करने के लिए 11 दिसंबर को एक पोर्टल, का उद्घाटन किया जाएगा। यह एक समर्पित पोर्टल होगा, जिसमें जिला कलेक्टर तैयारी और कार्यान्वयन चरणों के दौरान सुशासन प्रथाओं और वीडियो क्लिप के साथ प्रगति अपलोड करेंगे।

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08245128A | प्रोक्योरमेंट ऑफ बी पी ए सी | 81सेट | 31.12.2024 |
| 02 | 14250857 | डिसोल्वड एसिटिलीन गैस | 62280 Cum | 01.01.2025 |
| 03 | 14250858 | कम्प्रेसेड ऑक्सीजन गैस | 459978 Cum | 01.01.2025 |
| 04 | 02241158A | स्करोल कंप्रेसर थ्री फेज, 415 वी, 50 एच जेड | 256 नग | 03.01.2025 |
| 05 | 09243066 | बफर प्लंजर असेंबली | 1880 नग | 06.01.2025 |
| 06 | 09242504 | कांस्टेंट कांटेक्ट पोलीपरेथेन साइड बेयरर पैड असेंबली | 1870 नग | 13.01.2025 |

**निविदा शर्तें 1.** विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 79/2024-25 दिनांक : 06.12.2024 3755/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सावन पुत्र शंकर पताः मकान नं. आरजेड–IV, विशु विहार, उत्तम नगर, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 367/24 दिनांक 09.07.2024 धारा 318(4) बीएनएस के तहत** थानाः विकासपुरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सावन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सावन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 367/24 दिनांक 09.07.2024 धारा 318(4) बीएनएस के तहत थाना विकासपुरी, दिल्ली के उक्त सावन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऋषभ कपूर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–05**
**साउथ–वेस्ट जिला, कोर्ट नं.09**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/16102/WD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शानू खान पुत्र रमजानी निवासी मकान नं. ई–49/एन–48, गली नं. 2, जनता मजदूर कॉलोनी, वैलकम, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 50/2017 भा.द.सं. की धारा 323/341/34 के तहत, थाना वैलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शानू खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शानू खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 50/2017 भा.द.सं. की धारा 323/341/34 के तहत, थाना वैलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शानू खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

दि.पु./15733/उत्तर पूर्व/2024

## उत्तर रेलवे

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 48–अम्बाला/2024–25 दिनांक 06.12.2024**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबाला मंडल पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में वरिष्ठ मंडल अभियंता–प्रथम/यूएमबी के तहत सहायक मंडल अभियंता/सीडीजी के अनुभाग में विभिन्न स्टेशनों पर विश्राम सुविधा, पहुंच सड़क, मार्ग, जल आपूर्ति और अधीनस्थ कार्यों के लिए शेष कार्य। | 53,16,851 | 1,06,300 | 04 महीने | 31.12.2024 |
| 2 | कालका स्टेशन की कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर पानी की आपूर्ति में सुधार के लिए पुराने/खराब मौजूदा टैंकों के बदले में प्लंबिंग पाइप, बोर, पंप और पंप हाउस के साथ 01 नग 225 KL का आरसीसी ओएच टैंक का प्रावधान। | 83,54,579 | 1,67,100 | 08 महीने | 31.12.2024 |
| 3 | सीनियर मंडल अभियंता/प्रथम/अंबाला के तहत सहायक मंडल अभियंता/अंबाला के अनुभाग में टीटीआर (टीएसआर) – 29 सेट (1:12 – 6 सेट और 1:8.5 – 23 सेट) सी/डब्ल्यू अंबाला डिवीजन में – टीटीआर (टीएसआर) – 111 सेट (1:12 – 60 सेट और 1:8.5 – 51 सेट)। | 49,99,798 | 1,00,000 | 06 महीने | 31.12.2024 |
| 4 | सीनियर डीईएन–II/यूएमबी के तहत आरपीजे–डीबीएन सेक्शन में संवेदनशील सीआरओ स्थानों पर ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के किनारे सुरक्षा बाड़/एंटी क्रैश बैरियर का प्रावधान। | 2,16,47,312 | 2,58,200 | 06 महीने | 31.12.2024 |

**नोट :–** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3767/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएं, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे, के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. **2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022** के अनुसार, दिल्ली मंडल के दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन मुख्य प्लेटफार्म पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 99.64 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा (05) वर्ष के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1. | 14.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे | दिल्ली जंक्शन रेलवे स्टेशन मुख्य प्लेटफार्म पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 99.64 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध। |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**

1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in html helpdesk/learning_centre.html. (E-Auction leasing section)** पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 5% ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **3753/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# वोट काटने के आरोप का मुद्दा गर्माया

## दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी पार्टियों के बीच खींचतान शुरू, आप के आरोप पर कांग्रेस ने भी दिया साथ

**रणनीति**


**लोगों के नाम हटवाने का आरोप भाजपा पर लगाया है जिस पर भगवा पार्टी ने अपनी सफाई दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है जिसको लेकर राजनीतिक हलचलें तेज हो गई हैं। इस चुनाव में वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटाने को आम आदमी पार्टी मुद्दा बना रही है। आप ने वोटर लिस्ट से लोगों के नाम हटवाने का आरोप भाजपा पर लगाया है जिस पर भगवा पार्टी ने अपनी सफाई दी है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने आप और भाजपा पर निशाना साधा है। वोटर के मामले को लेकर चुनाव आयोग ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में बड़ी संख्या में वोट कटवाने की भाजपा की साजिश का बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा की अर्जी को आधार बनाकर दावा किया कि कि किस तरह भाजपा दिल्ली में बड़े स्तर पर आप समर्थकों के वोट कटवा रही है। उन्होंने मांग की है कि 18 अक्टूबर के बाद से दिल्ली चुनाव तक एक भी वोट काटने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने शाहदरा विधानसभा में वोट काटने के लिए भाजपा की ओर से किए गए आवेदन को दिखाते हुए कहा कि भाजपा ने 11,018 वोट काटने के लिए आवेदन दिया है। केजरीवाल के आरोपों पर कहा कि चुनाव आयोग पर इतना बड़ा आरोप तथ्यों के साथ अब तक किसी नेता या राजनीतिक पार्टी ने नहीं लगाया था। अगर आरोप गलत हैं तो चुनाव आयोग को अपने बचाव में तथ्यों के साथ आना चाहिए।





### दिल्ली में लाखों फर्जी मतदाताः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने वोट काटने के मुद्दे पर आप और भाजपा दोनों को कठघरे में खड़ा किया है। यादव ने कहा कि आप मुखिया अरविंद केजरीवाल का यह कहना कि उनके मतदाताओं के नाम कटवाए जा रहे हैं, आपत्तिजनक बयान है। मतदाता उनके खरीदे हुए नहीं हैं, हालांकि यह सही है कि भाजपा एक साजिश के तहत उन विधानसभाओं में वोट कटवाने में लगी है, जहां से उन्हें वोट नही मिलता है, लेकिन उन मतदाताओं को अपना बताना सही नहीं है। जागरूक मतदाता अपनी अपेक्षा और मौजूदा सरकार की कार्यशैली के आधार पर वोट करता है।

**क्या कहते हैं अंबेडकर बस्ती के वोटर्स**

साबिया ने कहा कि मैं 28 साल से शाहदरा विधानसभा की अंबेडकर बस्ती में रहती हूं, हर चुनाव में वोट डालती आ रही हूं, इसी पते पर रह रही हूं, मगर वोट कटवाने के लिए चुनाव आयोग को भेजी गई लिस्ट में मेरा भी नाम है। गोमती ने कहा कि मैं अपने पति बृजलाल के साथ अंबेडकर बस्ती में 18 साल से रह रही हूं। हम लोग उसी पते पर रह रहे हैं, वोट कटवाने के लिए भेजी गई लिस्ट में हम दोनों के भी नाम हैं। उमा देवी ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि मेरा भी नाम वोट काटने के भेजी गई सूची में हैं। मेरे पते पर जब आम आदमी पार्टी की टीम आई, तो मुझे इसका पता चला।

### निर्वाचन अधिकारी ने आरोपों को बताया गलत

**शाहदरा** जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट कर आम आदमी पार्टी के आरोपों पर कहा कि शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में सुधार के संदर्भ में 29 अक्टूबर से सिर्फ 494 फार्म-सात मिले हैं। इसलिए यह दावा करना कि पिछले एक महीने में भाजपा द्वारा मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम काटने के लिए 11,018 फार्म-सात दाखिल किए हैं, यह तथ्यात्मक रूप से गलत है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय एक के अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में सुधार के लिए चलाए गए विशेष सारांश अभियान के दौरान करीब सवा दो लाख आवेदन मिले थे, जिसमें मतदाता सूची में नए नाम शामिल कराने के लिए दिए गए आवेदन छह व मतदाता सूची में सुधार के लिए दिए गए आवेदन सात व आठ भी शामिल हैं। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सभी आवेदन व शिकायतों की जांच परखकर सत्यापन करते हैं। उसके सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

# आतिशी ने चाकूबाजी के पीड़ित परिवार से मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मुख्यमंत्री** आतिशी ने शनिवार को एम्स ट्रामा सेंटर में गोविंदपुरी में हुई चाकूबाजी के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। चाकूबाजी के कारण परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई है और दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ब्रेक डाउन कर दिया है। केंद्र सरकार को दिल्ली में बस एक जिम्मेदारी, दिल्लीवालों को सुरक्षा देना है लेकिन भाजपा इसमें भी पूरी तरह फेल हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण दिल्ली वाले परेशान हैं, लोग अपने घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस नहीं करते जबकि शहर में अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं है। दिल्ली में लोगों को सुरक्षा देने का भाजपा शासित केंद्र सरकार अपना काम ठीक से करे वरना सबक सिखाने के लिए सभी दिल्ली के लोगों को साथ आना पड़ेगा। आतिशी ने कहा कि गोविंदपुरी में आज सुबह हुई चाकूबाजी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है जिसकी कई घंटों की सर्जरी चल रही है। उन्होंने कहा कि ये वही इलाका है जहां से 100-200 मीटर की दूरी पर दो हफ़्ते पहले एक ऑन ड्यूटी बीट कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**कानून व्यवस्था**

**दो हफ़्ते पहले एक ऑन ड्यूटी बीट कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी**

# हत्या के मामले में तीसरा आरोपित भी काबू

**काबू**

**पीड़िता को उसके प्रेमी ने अपने साथियों की मदद से नांगलोई इलाके में मौत के घाट उतार दिया था**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 19 साल की एक गर्भवती लड़की की हत्या के मामले में फरार आरोपित सोहित उर्फ रितिक को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की सात महीने की गर्भवती थी। पीड़िता को उसके प्रेमी ने अपने साथियों की मदद से नांगलोई इलाके में मौत के घाट उतार दिया था। आरोपित ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर ह्यकरवा चौथह्न की पूर्व संध्या पर लड़की की हत्या की थी। आरोपित सोहित को हरियाणा के रोहतक जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक 21 अक्टूबर को नांगलोई इलाके में लड़की के घरवालों ने उसके लापता होने की एफआईआर दर्ज करवाई थी। पुलिस को प्रारंभिक जांच से पता चला कि उसके साथी सलीम उर्फ संजू ने अपने साथियों सोहित उर्फ रितिक और पंकज के साथ मिलकर उसे भगाने के बहाने से अपहरण करने की साजिश रची थी। ऐसे में जब एक बार पीड़िता उनके चंगुल में आ गई, तो उन्होंने उसे मार डाला। अपराधियों ने युवती का गला घोंटा था और अपना अपराध छुपाने के प्रयास में उसके शव को हरियाणा के रोहतक के मदीना गांव में ले गए।

# नशे की सामग्री के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने दो ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से कमर्शियल क्वांटिटी के ड्रग्स के अलावा 15 लाख 33 हजार कैश भी बरामद किया है। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत एक करोड़ 33 लाख रुपये की बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहित उर्फ विकास और अक्षय उर्फ आकाश के रूप में हुई है। दोनों दिल्ली के प्रेम नगर इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार विकास के ऊपर पहले से सराय रोहिल्ला, राजौरी गार्डन, अशोक विहार, पटेल नगर थाना में छह केस दर्ज हैं और अक्षय पटेल नगर में एक मामले में शामिल रहा है।

# 90 हजार श्रमिकों को सरकार ने नहीं दी आर्थिक मददः विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली में प्रदूषण के कारण ग्रैप-4 लागू किए जाने के दौरान बेरोजगार हुए 20 लाख श्रमिकों को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर 'मजदूर विरोधी' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद अभी तक दिल्ली सरकार ने इन श्रमिकों की सुध नहीं ली है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद इन श्रमिकों को सहायता क्यों नहीं दी जा रही, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की



अवहेलना करने वाले अधिकारियों से भी इसका जवाब मांगा जाना चाहिए। गुप्ता ने बताया कि पिछले हफ्ते भी उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर दिल्ली के 20 लाख श्रमिकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की और एक भी श्रमिक को आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करवाई है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने खुद पिछले दिनों 'दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड' (डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) में पंजीकृत 90,759 श्रमिकों को 8000 रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता देने का वादा किया था लेकिन आज तक दिल्ली सरकार ने एक भी श्रमिक को आर्थिक मदद उपलब्ध नहीं करवाई है। गुप्ता ने कहा कि डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी के पास 'लेबर सेस' के रूप में इकट्ठा किया गया 4,500 करोड़ रुपये का फंड उपलब्ध होने के बावजूद न तो श्रमिकों को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई जा रही है।

**सरकार को घेरा**

**बेरोजगार हुए 20 लाख श्रमिकों को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की मांग की है**

# ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत, दूसरा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ज्योति नगर के मीत नगर फाटक के पास शुक्रवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की हालत नाजुक है और उसका जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान सोनू (36) के रूप में हुई है। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सवा चार बजे पुलिस को सबोली हॉल्ट रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर दो युवकों के ट्रेन की चपेट में आने से घायल होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि दो भाइयों सोनू (36) और मोनू (34) ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुए हैं। पीसीआर कर्मी उन्हें जीटीबी अस्पताल लेकर गए हुए थे। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया है जबकि उसके छोटे भाई मोनू की हालत गंभीर थी।

**जांच जारी**

**घायल युवक की हालत नाजुक है और उसका जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है**

# फर्जी रेप केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने युवक को किया बरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय** दंड संहिता की धारा-370 के दुरुपयोग का हवाला देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति के खिलाफ हुई दुष्कर्म की प्राथमिकी को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मामला एक नजीर है कि कैसे एक निर्दोष व्यक्ति को कानून के दुरुपयोग के कारण अनुचित कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। व्यक्ति को राहत देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की पीठ ने कहा कि यह धारा महिलाओं के खिलाफ सबसे जघन्य अपराधों में से एक है, लेकिन इसे पुरुष को अनावश्यक रूप से परेशान करने के लिए एक हथियार के रूप में उपयोग किया जा रहा है।




**2021 में एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म मामले को किया रद्द**

कोर्ट ने सितंबर 2021 में एक व्यक्ति के खिलाफ हुई प्राथमिकी को रद्द कर दिया। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसने शिकायतकर्ता का यौन उत्पीड़न किया था। याची ने यह तर्क देते हुए प्राथमिकी रद्द करने की मांग की थी कि वह और शिकायतकर्ता रिश्ते में थे और उचित सहमति से शारीरिक संबंध स्थापित किए थे। याची ने यह भी कहा कि मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए गए उसके बयान से पता चला कि शादी के झूठे बहाने पर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के संबंध में कोई आरोप नहीं थे। याची ने अपने तर्क के समर्थन में वाट्सऐप चैट के स्क्रीनशाट और आडियो रिकॉर्डिंग की ट्रांसक्रिप्ट को अदातल के समक्ष पेश किया।

**शिकायतकर्ता से शादी करने के लिए आरोपी था तैयार-कोर्ट**

हालांकि, अभियोजन पक्ष ने कहा कि प्राथमिकी दुष्कर्म की गंभीर धारा में हुई थी और यह एक जघन्य अपराध है, ऐसे में इसे रद करने का कोई आधार नहीं है।

**कोर्ट की टिप्पणी**

**पुरुषों के विरुद्ध दुष्कर्म जैसे संगीन अपराध के प्रविधान का हथियार के रूप में हो रहा दुरुपयोगः कोर्ट**

# मामूली कहासुनी के दौरान तीन को मारा चाकू, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में मामूली कहासुनी के दौरान चाकू से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में हत्या का मामला दर्ज कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। मामले की जानकारी देते हुए दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने शनिवार सुबह बताया कि गोविंदपुरी थाना पुलिस को झगड़े के संबंध में सूचना शुक्रवार रात 12:07 बजे मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि दो पड़ोसी आपस में झगड़ रहे हैं, जिनमें तीन लोग सुधीर, उसका भाई प्रेम और उसका दोस्त सागर घायल हुए हैं। इन्हें एम्स ट्रामा सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया गया। तड़के करीब 3:00 बजे अस्पताल से सूचना मिली कि सुधीर की मौत हो गई जबकि उसका भाई 22 वर्षीय प्रेम गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है, जो अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। 20 वर्षीय सागर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पूरे मामले में पुलिस ने आरोपित विक्रम सिंह , उसकी पत्नी मीणा और उसके तीन बेटे 20 वर्षीय संजय, 18 वर्षीय राहुल, तीसरा नाबालिग है।

**मामला दर्ज**

**पुलिस पूरे मामले में हत्या का मामला दर्ज कर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है**

# व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के शाहदरा में एक व्यापारी पर दिनदहाड़े फायरिंग की वारदात सामने आई है। यह घटना आज सुबह थाना फर्श बाजार में हुई। शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौतम के मुताबिक पुलिस को घटनास्थल पर सुनील जैन (52) घायल हालत में मिले। वह मॉर्निंग वॉक के बाद अपने घर लौट रहे थे। बाइक पर आए दो हमलावर उन्हें गोली मार कर फरार हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां



डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है। आगे की जांच जारी है। घटना आज सुबह की है।

**पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने जताया दुख**

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि भाजपा से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही, दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने घटना के बाद एक्स पर लिखा 'क्राइम कैपिटल - शाहदरा जिले में सुबह ही गोलियों की आवाज गूंज उठी जब बर्तन व्यापारी संजय जैन मॉर्निंग वॉक करके घर लौट रहे थे, बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी।

# कलयुगः मां की गला घोंटकर की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में बेटे ने मां की गला घोंटकर कर हत्या कर दी। मां की हत्या के बाद आरोपित बेटे ने ही पुलिस को कॉल कर वारदात की जानकारी देते हुए बताया कि लूटपाट के बाद बदमाशों ने उनकी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की जांच की। इस दौरान जब बेटे से सख्ती की गई तो उसने हत्या की बात कबूल की। उसके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के




अनुसार, यह मामला 6 दिसंबर की देर शाम का है। रात करीब 8.30 बजे सावन नामक शख्स ने ख्याला पुलिस को कॉल कर बताया कि उसकी मां की किसी ने हत्या कर दी है और उसके कान की बाली लेकर फरार हो गया है। वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को घर के हालात देखकर बिल्कुल भी ऐसा नहीं लगा, जैसे वहां लूट हुई हो। जांच में मृतका की पहचान 45 वर्षीय सुलोचना के तौर पर हुई। उसके पति की 2019 में मृत्यु हो गई थी। वह इस घर में अपने दो अविवाहित बेटों के साथ रह रही थीं। इस मामले में पुलिस टीम ने दोनों बेटों से बातचीत शुरू की, जबकि दूसरी टीम पड़ोसियों से पूछताछ में लग गई। लंबी पूछताछ के बाद पुलिस का शक मृतका के छोटे बेटे सावन पर आकर टिक गया।

पुलिस की एक बार फिर सावन से पूछताछ शुरू की। पहले तो वह पुलिस को अपनी झूठी कहानी सुनाता रहा लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गया। आरोपित सावन ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसके बड़े भाई कपिल की हाल में ही शादी तय हुई थी। घर में शादी का माहौल देख उसने अपनी मां को मनपसंद लड़की से शादी करने की इच्छा बता दी।

# टीबी के विरुद्ध हरियाणा सरकार का थ्री टी फॉर्मूला





**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने जिला पंचकूला में देशव्यापी 100 दिवसीय सघन टी.बी. उन्मूलन अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि टी.बी. को फैलने से रोकने के लिए राज्य सरकार सुरक्षा चक्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कोई भी टी.बी. मरीज इलाज से छूटे नहीं, इसके लिए सरकार ने नई रणनीति पर काम किया है। इस दिशा में फोर-टी के फामूर्ले अर्थात टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे हैं। हरियाणा सरकार हेल्दी इंडिया बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को सफल बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश को टी.बी. मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आज इस विशेष अभियान की शुरूआत हरियाणा से की गई है। इसके लिए वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हरियाणा सरकार इस अभियान को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

**टी.बी. उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद से भारत ने जिस नई सोच और अप्रोच के साथ टी.बी. के खिलाफ काम करना शुरू किया, वह अभूतपूर्व है। बीते 10 वर्षों में भारत ने टीबी के खिलाफ इस लड़ाई में जन भागीदारी के साथ विशेष पोषण अभियान, फिट इंडिया, खेलो इंडिया तथा योग जैसे सफल अभियान चलाए हैं। जन भागीदारी की यह ताकत टी.बी. के खिलाफ सफलता पाने में भी कारगर सिद्ध होगी। आज टी.बी. उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय राष्ट्रीय निक्षय शिविर का शुभारंभ इस काम में मील का पत्थर साबित होगा।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार टी.बी. को खत्म करने के लिए और भी अति आधुनिक तकनीक मुहैया करवा रही है। इस समय सभी मौजूदा एक्स रे केंद्रों को भारतीय प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान अहमदाबाद के साथ ए.आई. के साथ जोड़ा जा रहा है। हरियाणा यह प्रौद्योगिकी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य है। रोहतक और करनाल में दो अत्याधुनिक माइक्रो बैक्टीरियल कल्चर और डी.एस.टी. लैब स्थापित हैं।

### इस साल लगभग 1,800 टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतें बनाने का रखा लक्ष्य

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि टी.बी. के खिलाफ की गई हमारी पहलों के सकारात्मक परिणाम आए हैं। अब अधिक लोग टी.बी. की जांच और इलाज करवाने के लिए आगे आ रहे हैं। वर्ष 2023 में हरियाणा में 579 टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतें थी। इस साल हमने लगभग 1,800 टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतें बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश के 79 हजार 652 मरीजों का डेटा निक्षय पोर्टल अपलोड किया गया है। निक्षय पोषण योजना में अब तक 3 लाख 49 हजार मरीजों को 117 करोड़ 46 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि हरियाणा में टीबी की जांच के लिए लगातार सैंपल की जांच की जा रही है।

**रोकथाम**

▶▶ टीबी की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार फोर-टी यानि टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और टेक्नोलॉजी के फार्मूले पर कर रही काम

## राज्यपाल ने झंडा दिवस पर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के उन पुरुषों और महिलाओं के अदम्य साहस और बलिदान को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने हमारे प्यारे राष्ट्र की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

श्री दत्तात्रेय ने हमारे वीर सैनिकों के महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए कहा कि सैनिकों ने हमेशा ही देश के लिए अद्वितीय बहादुरी और समर्पण का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने उन शहीदों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया, जिन्होंने यह सुनिश्चित करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया कि हमारा तिरंगा हमेशा ऊंचा रहे। राज्यपाल ने हरियाणा और देश के लोगों से युद्ध में विकलांग सैनिकों, वीर नारियों और हमारे शहीदों के परिवारों के कल्याण में सहयोग करने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा आइए हम सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देकर उन लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें।

## न्यूज फ्लैश

### गीता जयंती महोत्सव में पर्यटकों की पहली पसंद बन रहे खादी वस्त्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश के दूसरे राज्यों से गीता जयंती महोत्सव में जहां एक ओर शिल्पकार अपनी हस्तकला का प्रदर्शन कर रहे है, वहीं ब्रह्मसरोवर के उत्तर दिशा के पावन घाट पर स्टाल नंबर 110 व 111 खादी ग्रामोद्योग बने वस्त्रों की झलक देखने को मिल रही है। इन स्टॉलों पर खादी से बने वस्त्रों की पर्यटक जमकर खरीदारी कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में लगे खादी स्टॉल्स पर उपस्थित श्री सतपाल सैनी ने बताया कि इन स्टॉल्स पर खादी ग्रामोदय संघ मिजार्पुर की ओर से लगाए गए हैं। इन स्टॉल पर रखे वस्त्र खादी कपड़े से ही बनाए जाते हैं और इन वस्त्रों को स्वयं तैयार किया जाता हैं। उन्होंने बताया कि स्टॉल्स पर खादी से बने वस्त्र पर्यटकों को खूब पसंद आ रहे हैं और इनकी जमकर खरीदारी भी कर रहे हैं। खादी से बने यह वस्त्र सर्दियों में गर्म और गर्मियों में ठंडे रहते है। इन वस्त्रों को पहनने से शरीर के किसी भी भाग को कोई नुकसान नहीं होता। उन्होंने बताया कि सरकार खादी उद्योग को बढ़ावा देने एवं युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने के भरसक प्रयास कर रही है। युवा खादी से जुडकर स्वरोजगार अपना सकते हैं, युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाकर स्वरोजगार चलाने के लिए सरकारी की ओर से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। सरकार का उद्देश्य खादी ग्राम उद्योग से महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कॉटन, खादी के कपड़े और उन से बने खेस, चादर, जर्सी, जैकेट, कोट व कुर्ता पजामा का कपड़ा लेकर आए है।

### सड़कों, पेयजल की गुणवता से नहीं होगा कोई समझौता: रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सड़क व पेजयल आमजन से सीधे जुड़ी जन सुविधाएं हैं। हर घर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और घर से निकलते ही अच्छी सड़क जरूरी है। इसीलिए पेयजल और सड़कों की गुणवता में कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिले और सड़कों की गुणवता इतनी हो कि वे समय से पहले न टूटें। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा आज कैथल में दोनों विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में केंद्र व प्रदेश सरकार की स्पष्ट नीति है कि किसी भी विकास कार्यों में गुणवता से कोई समझौता न हो। वे स्वयं भी कभी भी किसी गांव या शहर में सड़क, पेयजल आपूर्ति केंद्र या एसटीपी का दौरा कर सकते हैं। इसलिए समय रहते वहां व्यवस्था सुधार लें, यदि कोई लापरवाही मिली तो निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जो भी सड़कें ज्यादा खराब हैं, उनका एस्टीमेट तैयार करें। उसे बजट में शामिल कर पूरा किया जाएगा। सड़क संबंधी शिकायतों पर तुरंत सुनवाई कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग की छवि को ओर ज्यादा साफ-सुथरा बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा। जनता ने हमें सेवा करने का अवसर दिया है, इसलिए अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी से निभाया जाए। ऐसी कोई एजेंसी मिलीं तो उसके खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ अधिकारियों के खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा। कहीं भी सड़कों का निर्माण अधूरा न छोड़ें। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि एजेंसी यदि टेंडर निर्धारित दर से कम दर पर भी टेंडर लेती है तो गुणवता सुनिश्चित करना उसका कर्तव्य है। गुणवता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कम दर पर टेंडर लेकर खामियां मिलती हैं तो यह एजेंसी व अधिकारियों की कमी होगी। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों के घरों तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए एसटीमेट बनाएं। एसटीपी हों या पेयजल प्रोजेक्ट, वहां फिल्टर व अन्य मशीनीरी का समय-समय पर निरीक्षण कर सफाई सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने अधिकारियों द्वारा जिले की सड़कों, पेयजल आपूर्ति व एसटीपी आदि के लिए बताई गई जरूरतों को भी जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

## हरियाणा से शुरू हुआ देशव्यापी 100 दिवसीय सघन टी.बी. उन्मूलन अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने आज हरियाणा के पंचकूला जिले से देशव्यापी 100 दिवसीय सघन टी.बी. उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान देश के 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 347 जिलों में लागू किया जाएगा। पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने कहा कि 100 दिन के इस टीबी सघन अभियान के तहत देशभर में टीबी से अत्याधिक प्रभावित 347 जिलों पर गहनता से फोकस किया जाएगा और टीबी की जांच की जाएगी, ताकि टीबी को फैलने से रोका जा सके। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री श्री अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव भी उपस्थित थे।स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय प्रगति के लिए हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए श्री जेपी नड्डा ने कहा कि हरियाणा में लगातार चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2014 में हरियाणा में जहां 6 मेडिकल कॉलेज होते थे, उनकी संख्या बढ़कर आज 15 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का संकल्प है। एमबीबीएस की सीटें जो वर्ष 2014 में 650 होती थी, उनकी संख्या बढ़कर आज 2185 हो गई हैं। वहीं, पीजी सीटों की संख्या भी 243 से बढ़कर 889 हो गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में केवल 6 एम्स थे, जबकि आज 22 एम्स हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में भी एम्स स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आयुष्मान भारत योजना के तहत 1 करोड़ 22 लाख आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं और अस्पतालों में 18 लाख 50 हजार एडमिशन आयुष्मान भारत योजना के तहत हुए हैं। हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब लोगों को मुफ्त इलाज देने की सुविधाओं पर 2700 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है, जो सराहनीय है। श्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को केंद्र सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा प्रदान कर रही है। यह कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल के तहत हरियाणा ने 70,000 वया वंदना कार्ड बनाए हैं।

### प्रधानमंत्री ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति से पहले भारत को टीबी मुक्त करने का दिया विजन

**केंद्रीय** मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति से पहले भारत को टीबी मुक्त करने का विजन रखा है। इसी विजन के तहत एक नई ऊर्जा व गति के साथ आज इस अभियान को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत में टीबी की दर में आज बहुत कमी आई है, वर्ष 2015 में गिरावट दर 8.3 प्रतिशत थी, जो आज 17.7 प्रतिशत हो गई है, जो वैश्विक औसत से कई अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी भारत में टीबी दर की कमी की सराहना की है। वहीं, पिछले 10 सालों में टीबी से होने वाली मृत्यु में भी 21.4 प्रतिशत की कमी आई है। टीबी सेवाओं को रोगी-अनुकूल और विकेंद्रीकृत बनाने के लिए कई नई रणनीतियां अपनाई गई हैं।

## बीन-बांसुरी पारम्पकि वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हुआ ब्रहमसरोवर का तट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:**- हरियाणा की धर्म नगरी कहे जाने वाले कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर 15 दिसंबर, 2024 तक चलने वाला अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव ढोल-नगाड़ों, बीन-बांसुरी जैसे पारम्परिक वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हो चुका है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों के द्वारा दी जा रही प्रस्तुति जहां आकर्षण का केंद्र बन रही है, वहीं दूसरी ओर कलाकारों की मनमोहक अदाओं ने पर्यटकों का दिल जीत लिया है। इसके साथ-साथ खान पान की विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र बन रही है। महोत्सव में अबकी बार गीता महोत्सव में भागीदारी देश तंजानिया और भागीदारी राज्य ओडिशा के साथ-साथ मेजबान राज्य हरियाणा के पवेलियन पर्यटकों के लिए उत्साह का केंद्र बने हुए है। इसके साथ-साथ जनसंपर्क विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में पर्यटकों की भीड़ म्हारा हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा को चरितार्थ कर रही है।

यहां पर पर्यटकों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ हरियाणा के इतिहास को जानने का मौका भी मिल रहा है। अलग अलग राज्यों से आए हुए शिल्पकारों ने अपनी कला के माध्यम से सभी का मन मोह लिया है, सभी अपने आप में अदभुत है।

**कलाकारी**

▶▶ देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों के द्वारा दी जा रही प्रस्तुति जहां आकर्षण का केंद्र बन रही है

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज कुरुक्षेत्र में आएंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा की दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन/ग्लाईडर इत्यादि हवाई यंत्रों पर प्रतिबंध किया जाना जरुरी है। वीआईपी मार्ग, एनआईटी कुरुक्षेत्र, श्री भद्रकाली शक्तिपीठ व उसके आसपास 100 मीटर के दायरा तक सडक के दोनों तरफ कोई भी वाहन खड़ा ना हो।

## एमएसपी की गारंटी के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं किसान: डॉ. सुशील



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:**आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने किसानों के मुद्दे पर बीजेपी सरकार को घेरा। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि किसानों का एक लंबा आंदोलन चला बीजेपी ने 750 से ज्यादा किसानों की शहादत ली। तब जाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने का वादा किया और उस आंदोलन को खत्म कराया। लेकिन कई साल बीत गए प्रधानमंत्री ने आज तक संसद में एक भी शब्द एमएसपी की गारंटी के कानून पर नहीं बोला। किसान उसी वादे को याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से हरियाणा की बीजेपी सरकार किसानों को रोक रही है और युवा किसान शुभकरण की गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि किसान हरियाणा से तो कुछ भी नहीं मांग रहे। तो फिर हरियाणा की बीजेपी की सरकार किसानों के प्रति इतना सख्त रवैया क्यों अपनाए हुए है। हरियाणा सरकार को किसानों से क्या तकलीफ है। उन्होंने कहा कि क्या पंजाब के किसान को हरियाणा से होकर दिल्ली पहुंचने का अधिकार नहीं है?

ये बीजेपी की गलतफहमी है कि वो सिर्फ पंजाब के किसान हैं, हरियाणा का किसान भी उनके साथ है। पूरे देश के किसान एक साथ हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी ने एमएसपी का कानून बनाने की गारंटी दी थी तब हरियाणा, पंजाब, यूपी और राजस्थान के किसान भी दिल्ली बॉर्डर पर बैठे थे।

**तंज कसा**

▶▶ *किसान हरियाणा से कुछ नहीं मांग रहे तो फिर हरियाणा सरकार को क्या तकलीफ है : डॉ. सुशील गुप्ता

## हरियाणा सरकार ने चार फरवरी तक शहरी निकाय चुनाव कराने का हाईकोर्ट को दिया भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** शहरी निकाय चुनाव की पहले ही तैयारी में जुटी भाजपा की प्रदेश सरकार ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान भरोसा दिलाया है कि चार जनवरी से पहले चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी और चार फरवरी तक चुनाव करा दिए जाएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा हाई कोर्ट में दिए गए इस भरोसे के अनुसार राज्य में शहरी निकाय चुनाव की प्रक्रिया जल्दी शुरू हो जाएगी।

राज्य सरकार द्वारा हाई कोर्ट को बताया गया है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया एक महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी। राज्य सरकार द्वारा यह आश्वासन एक याचिका के जवाब में दिया गया, जिसमें नगर निकाय चुनाव कराने के निर्देश देने की मांग की गई थी। इसके साथ ही राज्य में लंबित सभी नगर निकाय चुनाव चार फरवरी तक पूरे होने की उम्मीद है। राज्य के आश्वासन के मद्देनजर याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि इस याचिका में उठाए गए मुद्दों को फिर से उठाए जाने और निर्धारित किए जाने के लिए रखा गया है। जस्टिस सुरेश्वर ठाकुर और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की खंडपीठ ने राज्य में नगर निगम चुनाव में देरी के मुद्दे पर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किए हैं। खास बात यह है कि राज्य में अधिकतर नगर निगमों के चुनाव लंबे समय से लंबित हैं। इसमें गुरुग्राम, करनाल, हिसार, फरीदाबाद, रोहतक और यमुनानगर सहित कुछ महत्वपूर्ण स्थानीय निकायों के चुनाव शामिल हैं। राज्य के इन प्रमुख शहरों में निकाय चुनाव कराने में देरी के कारण कूड़े के अनियमित ढेर, सीवरेज के उफान होने, पानी की कमी और स्थानीय सड़कों के क्षतिग्रस्त होने सहित भारी समस्याएं पैदा हुई हैं।

## राजस्थान की हस्तनिर्मित कासिदाकारी ने पर्यटकों का किया ध्यान आकर्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** चण्डीगढ, 7 दिसंबर - अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मे लगी स्वयं सहायता समूह राजस्थान बाडमेर प्रदर्शनी पर्यटकों की मुख्य पसंद साबित हो रही है। यहां प्रदर्शित किए गए राजस्थान कारीगरी के हस्तनिर्मित कसीदाकारी उत्पाद लोगों को बडे ही पसंद आ रहे है, इनकी लोगों द्वारा जमकर तारीफ की जा रही है। राजस्थान बामडेर की प्रदर्शनी मे विक्रय करने के लिए प्रदर्शित किए गए हस्तनिर्मित व बुनकर के माध्यम से तैयार किए गए कसीदाकारी घरेलु उत्पादों की गीता महोत्सव मे आएं लोगों ने खूब प्रशंसा की। इस राजस्थानी स्टॉल पर रखी गई वस्तुएं राजस्थानी संस्कृति एवं कला की झलक प्रदर्शित करती है। गीता महोत्सव मे अपने परिवार के साथ आई श्रीमती बिमला देवी ने बताया कि उन्होंने पीछले वर्ष के गीता महोत्सव मे यहा से हस्त निर्मित कोशन कवर लिए थे जोकि आज बेहद मजबूत एवं नए जैसे है।

इस दौरान उन्होंने कारीगरों द्वारा हाथों से की गई कढाई व सजावट की खूब प्रशंसा भी की। स्वयं सहायता समूह राजस्थान बाडमेर की लगी स्टॉल से अमोलक जोगेश ने बताया कि वह पीछले कई वर्षो से देश के कई शहरों मे आयोजित प्रदर्शनी या महोत्सवों मे राजस्थान के बढियां कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित कसीदाकारी आईटमों को कम दामों मे अच्छी क्वालिटी के उत्पाद दिए जाते है।

**हस्तकला**

▶▶ श्रद्धालुओं के मन को भाई राजस्थान बाडमेर की प्रदर्शनी, हाथों से बनाए गए हाथी व घोडे की आकृति वाले वॉल पीस, बैग

## ब्रह्मसरोवर का हर घाट बना पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाईंट

### महोत्सव में पहुंचे कलाकारों के साथ फोटो खिंचवाने के लिए क्रेजी हुए बच्चे और युवा



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सोशल साइटस और इंटरनेट प्रौद्योगिकी के युग में सेल्फी के लिए हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सेल्फी पॉइंट बने हुए है और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सेल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरुषोत्तमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सेल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सेल्फी ले रहे होते है। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े है और श्री कृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए है। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी पौराणिक दृश्य और पवित्र ग्रंथ गीता से जुड़े होने के कारण पर्यटक सबसे ज्यादा सेल्फी इसी जगह लेते है और अपनी सेल्फी को सोशल साइटस पर अपलोड कर पोस्ट करते है। सुंदर दृश्य देखकर फॉलोवर भी लाइक व कमैंट्स किये बिना नहीं रह पाते। यही नहीं ब्रह्मसरोवर चारों ओर बने विभिन्न घाट भी सेल्फी पॉइंट है, जहां से दिन में पर्यटक पक्षियों की उड़ानों के साथ व सांध्य काल मे जगमग रोशनी में नहाए ब्रह्मसरोवर पर सेल्फी ले रहे है। सेल्फी लेने के शौकीनों का ध्यान रखने में बहरुपिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। बहरुपिए विभिन्न पात्रों के वेश में ब्रह्मसरोवर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाए हुए है और पर्यटकों के सेल्फी के क्रेज को पूरा कर रहे है। महोत्सव में इन सब के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति को प्रदर्शित करते सपेरा बीन पार्टी, डमरू पार्टी, नगाड़ा पार्टी व बीन बांसुरी पार्टी के कलाकार भी लोगों के सेल्फी के शौक को पूरा करवा रहे है। यही नही पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, जम्मू कश्मीर के साथ-साथ अन्य प्रदेशों के कलाकारों के साथ पर्यटक सेल्फी लेते नजर आ रहे है। इन सब के साथ साथ ब्रह्मसरोवर पर विभिन्न स्थलों पर बनी रंगोली भी सेल्फी पॉइंट है। अगर हम यह कहे कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर पूरा ब्रह्मसरोवर परिसर सेल्फी पॉइंट है तो अतिशयोक्ति नही होगी।

सेल्फी लेते हुए हमें इस बात का भी अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि जब हम ब्रहमसरोवर पर बने घाटों पर सेल्फी लें तो पानी की तरफ लगी ग्रिल के उपर बैठकर अपनी जान को खतरे में डाले, बल्कि सुरक्षित तरीके से ग्रिल से थोड़ी दूरी बनाकर अपनी सेल्फी ले।

**आकर्षण**

▶▶ अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सेल्फी पॉइंट बने हुए है

# पीएम के 9 दिसंबर के कार्यक्रम में सैकड़ों माताएं-बहनें होंगी शामिल

## कर्ण कमल में ली बैठक, माताओं और बहनों से किया अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय जनता पार्टी** के जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने शनिवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में महिला कार्यकताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आगामी 9 दिसंबर को पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में बीमा सखी योजना का शुभारंभ करेंगे, जो महिलाओं के लिए है। ऐसे में बड़ी संख्या में माताएं व बहनें इस कार्यक्रम में शिरकत करें।

जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि 9 दिसंबर का दिन पूरे देश की महिलाओं के लिए खास होने वाला है। प्रधानमंत्री बीमा सखी योजना की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली में करनाल के अलग-अलग क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं रवाना होगी। रैली में जाने के लिए उन्होंने कार्यकताओं के साथ प्रबंधों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीमा सखी योजना लाखों महिलाओं की जिंदगी को बदलने वाली योजना है। इस योजना से महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे और महिला सशक्तिकरण की दिशा में बीमा सखी योजना कारगर साबित होगी। योजना से पूरे देश की लाखों-करोडों महिलाएं लाभांवित होंगी।



**प्रधानमंत्री ने बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ अभियान को किया था हरियाणा से शुरू**

बृज गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा से विशेष नाता है। उन्होंने पहले भी वर्ष 2015 में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। इस योजना से लिंगानुपात में काफी सुधार आया। एक बार फिर प्रधानमंत्री भारतीय जीवन बीमा निगम से जुड़ी स्कीम बीमा सखी की शुरूआत करने के लिए हरियाणा की ऐतिहासिक धरती पर पहुंच रहे हैं। हमें करनाल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने प्रिय नेता के विचारों को सुनना है और अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शिरकत करनी है।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हो रहा विकास**

जिलाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा का जितना विकास भाजपा सरकार में हुआ है।
इतना विकास किसी भी सरकार में नहीं हुआ। जनता के भाजपा के प्रति विश्वास से तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनी है। पहले पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विभिन्न योजनाओं व विकास से प्रदेश की तस्वीर बदलने का काम किया है और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन.स्टॉप विकास कार्य हो रहे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मनोहर नीति के साथ प्रदेश के विकास को गति देने में लगे है। वहीं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में करनाल लोकसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों को ओर तेजी मिली है।

# सोनीपत जिले में शुरू हुआ टीबी को हराने का अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : विधायक निखिल** मदान शनिवार सुबह सोनीपत के सामान्य अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने टीबी मुक्त अभियान और टीबी जाँच के लिए जिला सोनीपत में तीन मेडिकल मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक निखिल मदान ने कहा कि वह सभी नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि टी बी के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर इसकी जांच अवश्य करवाएं। टीबी के लक्षण मुख्य तौर पर दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी होना, बलगम में खून का आना, लगातार वजन कम होना, लगातार पसीना आना, शाम के समय बुखार आना आदि शामिल है। विधायक निखिल मदान ने बताया कि हर वैन में एक रेडियोग्राफर, एक लैब टैक्निशियन और अन्य स्टाफ रहेगा। इन लोगों द्वारा इस अभियान में 100 दिन तक



विभिन्न गांव में जाकर टीबी की जांच की जाएगी। इसमें रोजाना 700 लोगों की स्क्रीनिंग और 150 आदमी के एक्सरे मशीन के अंदर ही किए जाएंगे, जिसकी रिपोर्ट साथ ही दी जाएगी और संदिग्ध मरीज का मौके पर ही पता लगेगा। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में 20 बेड़ों वाला मॉडर्न टीबी सेंटर स्थापित किया जाएगा इसकी योजना बन चुकी है। विधायक ने बताया कि टीबी की बीमारी से संबंधित कोई भी जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 11 66660 पर कॉल कर भी ली जा सकती है।
विधायक ने बताया कि ए आई तकनीक से लैस पोर्टेबल मशीन से मरीज का बस के अंदर ही एक्स-रे किया जाएगा और साथ के साथ रिपोर्ट दी जाएगी। हर दिन 700 से 1000 लोगों की स्क्रीनिंग व 150 लोगों के एक्स-रे किए जाएंगे तथा जो भी मरीज संदिग्ध लगेगा उसके बलगम की भी जांच की जाएगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सामान्य अस्पताल में रोजाना दूर दराज के गांवों से लोग इलाज के लिए आते है।

# कस्बा असंध में रजवाहे में मिला युवक का शव



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा असंध** में रजवाहे में 32 वर्षीय युवक का शव मिला। जो बीते दिन घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजन उसे रात भर ढूंढते रहे। सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया हैं। मामला फैजपुर गांव का है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय कर्मबीर निवासी जलमाना के नाम से हुई है। युवक के भाई धर्मबीर ने बताया कि कर्मबीर गांव में ही दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। वह कल मजदूरी पर नहीं गया था। वह अविवाहित था। उन्होंने कहा कि कर्मबीर शाम को खाना खाने के बाद करीब 4 बजे घर से निकल गया था। जब वह देर रात तक भी नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू की गई। सारी रात

**जांच जारी**

**⏩ जो बीते दिन घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं पहुंचा। इसके बाद परिजन उसे रात भर ढूंढते रहे**

बाइक लेकर ढूंढने में लगे रहे, लेकिन उसका कही पर भी नहीं पता चला। धर्मबीर ने बताया कि किसी ग्रामीण ने रजवाहे में शव देखा, जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को चेक किया तो कर्मबीर के रूप में शिनाख्त हुई।
पहचान होने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए।
थाना असंध के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि रजवाहे में कर्मबीर का शव मिला है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# डॉ. मंगलसेन सभागार में भव्य ढंग से होगा आयोजन: उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जंयती महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर से 11 दिसंबर 4 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. मंगलसेन सभागार में भव्य ढंग से किया जाएगा जिसमें अध्यात्म, कला एवं संस्कृति का अद्भुत संगम नजर आएगा। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय महोत्सव से संबंधित लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चों तथा लोक कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित मनमोहक व आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 9 दिसंबर को हवन यज्ञ व श्रीमद्भगवत गीता की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और हवन यज्ञ में आहुति डालेंगे तथा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन करेंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रकाश पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना की जाएगी और भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणवी लोक कलाकार ईश्वर शर्मा पार्टी और तनु शर्मा पार्टी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 10 दिसंबर को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद तथा नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी शिरकत करेंगे। इस दिन गीता सेमिनार का आयोजन होगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सेमिनार में वक्ता के तौर पर राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रो. दीपक, प्रो. विरेंद्र चौहान तथा पूर्व उपकुलपति राधेश्याम शर्मा अपना उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा शखेकोच्चारण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली छात्रों तथा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इनमें रवि कुमार पार्टी तथा प्रदीप सैनी पाटी की प्रस्तुति शामिल रहेगी। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि गीता महोत्सव के अंतिम दिन यानी 11 दिसंबर को रामलीला ग्राउंड से नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी और 3 शखेकों का उच्चारण होगा। इसके बाद 12 बजे डॉ. मंगलसेन सभागार परिसर में गीता के 18 अध्यायों के शखेकों का उच्चारण कुरूक्षेत्र से लाईव प्रसारण देखने और सुनने का मिलेगा। इस दिन उक्त कार्यक्रमों में इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद तथा असंध के विधायक योगेंद्र राणा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके उपरांत मुख्य मंच पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# सिलाई सेंटर और घर से दो युवतियां गायब

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में दो** अलग-अलग घटनाओं में दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। जहां 18 वर्षीय युवती सिलाई सेंटर जाने के बाद घर नहीं लौटी। वहीं 26 वर्षीय महिला अपने 9 साल के बेटे को लेकर बिना बताए घर से चली गई। दोनों मामलों में परिवार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस ने गुमशुदगी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल की एक महिला ने सिटी थाना में दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे सिलाई सेंटर जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटी। बेटी सिलाई सीखने के लिए नवेल्टी रोड स्थित पैट्रोल पंप के पास सेंटर जाती थी। मां ने बताया कि काजल के लापता होने की खबर के बाद उन्होंने आसपास और जान.पहचान वालों से पूछताछ की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने काजल की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल की रंबा चौकी के गांव में एक महिला अपने 9 वर्षीय बेटे के साथ लापता हुई है।

# गौरव पुरस्कार परीक्षा में ओम साईराम स्कूल की 17 मेरिट, 50 प्रशस्तिपत्र तथा एएचपीएस में 11 बच्चे सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। राष्ट्रीय शिक्षा** समिति टोहाना (फतेहाबाद) की ओर से आयोजित हरियाणा गौरव पुरस्कार परीक्षा में स्थानीय मौदाश्रम मंदिर के सामने मौहल्ला जवाहरनगर में स्थित ओमसाईंराम एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल के 250 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 17 बच्चों ने मेरिट हासिल करके अपना परचम लहराया जिन्हें स्मृति चिह्न और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।



विद्यालय के 50 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने इस परीक्षा में भाग लिया था। प्राचार्य चित्रा शर्मा ने बताया कि इनके अतिरिक्त सोनीपत में आयोजित मेगा कंपीटीशन में विद्यालय की सीनियर ज्योति शर्मा एवं प्रवक्ता अमरसिंह सोनी के नेतृत्व में विद्यालय की ओर से 11 बच्चों ने भाग लिया।

# एसडी पीजी कॉलेज ने योग टूर्नामेंट में हासिल किया दूसरा स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**एसडी पीजी कॉलेज** पानीपत की (महिला व पुरुष) योग टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय द्वारा दिनांक 2 व 3 दिसम्बर को आयोजित इंटर कॉलेज योग टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे टूनामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया किया. यह टूनामेंट कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र में आयोजित हुआ जिसमे कुरुक्षेत्र विश्वविधालय के अंतर्गत सभी टीमों ने हिस्सा लिया. एसडी पीजी कॉलेज की महिला टीम में भतेरी, प्रिया, खुशी, सेजल, संगीता व ऋतू और पुरुष टीम में अनिल, ग्यानेंदर, मनीष, नगेंदर व विशाल के शानदार प्रदर्शन के बूते पर सभी टीमों के साथ शानदार मुकाबला कर दूसरे स्थान पर कब्जा किया व 3 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 ब्रोंज मैडल भी हासिल किये. इसी के साथ ही छह खिलाडियों का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूनामेंट के लिय चयन भी हुआ. जिसमे क्रमशः चार लड़कियों की टीम से भतेरी, प्रिया, खुशी एवं सेजल और दो लडकों की टीम से अनिल एवं पंकज हैं. इनमे पंकज यूनिवर्सिटी चैंपियन भी है. कॉलेज पहुँचने पर एसडी पीजी कॉलेज प्रधान दिनेश



गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो सुशीला बेनीवाल, प्रो आनंद, प्रो रूद्र, प्रो रेखा, कोच श्री अंकुश, ग्राउंड्समैन प्रताप और स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया और उनका हौंसला बढ़ाया. विदित रहे की उपरोक्त सभी खिलाडी इससे पहले भी कई योग प्रतियोगिताओं में मैडल जीत कर कॉलेज और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने विजेता खिलाडियों भतेरी, प्रिया, खुशी, सेजल, संगीता, रीतू, अनिल, ग्यानेंदर, मनीष, नगेंदर और विशाल का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि योग मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है. योग दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच का सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला है तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी पैदा करता है. यह व्यायाम के बारे में नहीं है बल्कि अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय बारे में है. कॉलेज के खिलाडियों ने न सिर्फ योग को अपनाया है बल्कि इसमें पदक जीत कर यह भी साबित किया है कि योग हर प्रकार से हमारी उन्नति में मददगार सिद्ध होता है. योग व्यक्तिगत चेतना और खुद की आत्मा से मिलने का सबसे बेहतर तरीका है। डॉ सुशीला बेनीवाल ने कहा कि योग को औपचारिक रूप से 2020 में एक खेल के रूप में मान्यता दी गई और भारत में राष्ट्रीय योग खेल महासंघ को इस खेल के लिए आधिकारिक शासी निकाय बनाया गया. स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर जोर देने के साथ, योगासन को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में कलारीपयट्टु, गतका और मलखंब के साथ शामिल किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को मिली नई दिशा: योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध से भाजपा** विधायक योगेन्द्र राणा ने आज सदस्यता अभियान के निमित्त असंध विधानसभा में अपने प्रवास दौरान गांव चौचड़ा में कार्यकताओं की मीटिंग ली और सदस्यता अभियान की समीक्षा की। साथ ही विधानसभा चुनाव में दिए गए मतदान रूपी आशीर्वाद हेतु ग्रामवासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि असंध विधानसभा में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ता साथियों से दिए गए



टारगेट को पूरा करने का आह्वान किया। विधायक योगेन्द्र राणा ने कार्यक्रम में पंहुचने से पूर्व गांव के शिव मंदिर के आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा के शंख मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अधूरे विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक मेहनती व कर्मठ नेता है। उन्होंने सिद्ध भी कर दिया कि किसी एक जाति, बिरादरी के दम पर राजनीति नहीं चल सकती। सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की जरूरत है और इसी को लेकर हमारी सरकार समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री महेंद्र मास्टर, पूर्व सरपंच रोशन, पूर्व सरपंच कर्मवीर शर्मा, गांव के मौजूदा सरपंच बलदेव सिंह, शक्ति केंद्र प्रमुख बलवान शर्मा, राजू शर्मा, राजेश प्रजापत, अशोक सैनी, बीरबल शर्मा सहित गांव के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सीजेएम ने किया सिविल अस्पताल के नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन शनिवार को सिविल अस्पताल पहुंची। सीजेएम ने अस्पताल में नशा निषेध केंद्र का निरीक्षण किया व उपस्थित मरीजों से बातचीत की और उन्हें नशा छोड? के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने बस स्टैंड में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र का शुभारम्भ किया और उपस्थित लोगों को मुफ्त कानूनी



सहायता बारे जागरूक किया।

**नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को : इरम हसन**

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि जिला न्यायालय करनाल में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति अदालत में लम्बित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत ने मनाया रंगारंग वार्षिकोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**दिल्ली पब्लिक स्कूल** पानीपत रिफाइनरी का रजत जयंती वार्षिकोत्सव समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने मिलकर इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया । इस वर्षिकोत्सव का आयोजन पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप के स्टेडियम में हुआ, जहाँ बच्चों ने ह्यअहंकार नाश्यति सर्वम्ह्न प्रस्तुति के द्वारा दशग्रीव(रावण) के चरित्र के माध्यम से जीवन में अहंकार के नाश का सन्देश दिया` कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि किरण दतार (उपाध्यक्ष दिल्ली पब्लिक



स्कूल पानीपत रिफाइनरी) और विशिष्ट अतिथि श्री एम. एल. डहरिया (कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पी. आर. पी. सी.), विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र पी. सचदेवा एवं अन्य अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुआ` इसके बाद, मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अपने प्रेरणादायक भाषण से सभी का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का महत्व समझाया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं प्रधानाचार्य के कर कमलों से हुआ । समारोह के दौरान छात्रों ने "अहंकार नाश्यति सर्वं" नृत्य नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया कि जब किसी व्यक्ति में अहंकार या घमंड बढ़ता है, तो वह अपने सभी गुणों और सफलताओं को नष्ट कर देता है। अहंकार एक ऐसा अवगुण है जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि समाज और रिश्तों को भी नुकसान पहुँचाता है। विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के प्रति अपनी सच्ची भावनाओं को व्यक्त किया और वर्षभर की मेहनत के फल स्वरूप यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय की ओर से दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत रिफाइनरी के वरिष्ठ मुख्य अध्यापक मणिभूषण ने सभी का आभार व्यक्त किया । वर्षिकोत्सव के इस आयोजन ने सभी के दिलों में खुशी और प्रेरणा का संचार किया।
विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगन इस आयोजन से उत्साहित हैं और अगले वर्ष इस वार्षिकोत्सव समारोह को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संपादकीय

# राष्ट्र के उत्थान में शिक्षा अति-महत्वपूर्ण

**ज्ञान है** तो शान है,ज्ञान के सूरज से परे होता अज्ञानता का अंधकार। यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा,शिक्षा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई नई-नई गाथाएं लिखीं जाएंगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है' शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है।

# चिंताजनक: बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

-डॉ सत्यवान सौरभ

> "योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार गरीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं"

**हाल** ही में, एक जांच से पता चला है कि नशीली दवाओं की लत की महामारी, जो ज्यादातर युवा पुरुषों को प्रभावित कर रही है, पूरे भारत में फैल रही है। नशीली दवाओं का दुरुपयोग भारत में एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक और स्वास्थ्य मुद्दा है। भारत की विविध आबादी, बड़ी युवा जनसांख्यिकी और आर्थिक असमानताएँ देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की जटिल प्रकृति में योगदान करती हैं। सांस्कृतिक मूल्यों को बदलना, आर्थिक तनाव में वृद्धि और सहायक सम्बंधों में कमी से पदार्थ का उपयोग शुरू हो रहा है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 10 से 75 वर्ष की आयु के 16 करोड़ लोग (14.6%) शराब के वर्तमान उपयोगकर्ता हैं और उनमें से 5.2% शराब पर निर्भर हैं। लगभग 3.1 करोड़ व्यक्ति (2.8%) भांग उपयोगकर्ता हैं और 72 लाख (0.66%) लोग भांग की समस्या से पीड़ित हैं 7% बच्चे और किशोर इनहेलेंट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वयस्कों में यह दर 0.58% है। लगभग 18 लाख बच्चों को इनहेलेंट के इस्तेमाल के लिए मदद की जरूरत है। अनुमान है कि लगभग 8.5 लाख लोग इंजेक्शन के जरिए ड्रग्स ले रहे हैं। भारत में ड्रग्स की सबसे चिंताजनक श्रेणी ओपिओइड है, भारत में ओपिओइड के इस्तेमाल का प्रचलन वैश्विक औसत (0.7% बनाम 2.1%) से तीन गुना ज्यादा है। सभी ड्रग श्रेणियों में, ओपिओइड समूह (विशेष रूप से हेरोइन) की ड्रग्स बीमारी, मृत्यु और विकलांगता की सबसे ज्यादा दरों से जुड़ी हैं। ड्रग के दुरुपयोग से कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें लीवर की बीमारी (शराब से) , संक्रामक रोग (इंजेक्शन ड्रग के इस्तेमाल में सुइयों को साझा करने के कारण) और ओवरडोज से होने वाली मौतें शामिल हैं। साथ ही, मादक द्रव्यों के सेवन का मानसिक स्वास्थ्य विकारों जैसे अवसाद और चिंता से गहरा सम्बंध है। यह मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है या नए लोगों के विकास को जन्म दे सकता है। ड्रग के दुरुपयोग से परिवार टूट सकते हैं, संघर्ष बढ़ सकते हैं और परिवारों के भीतर भावनात्मक आघात हो सकता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित परिवारों में बच्चों



को उपेक्षा, दुर्व्यवहार और शिक्षा में बाधा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी समग्र भलाई प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे व्यक्तियों को अक्सर सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है, जो उनके ठीक होने और समाज में फिर से शामिल होने में बाधा बन सकता है। परिवार के किसी सदस्य की लत को सहने की लागत और उससे जुड़े चिकित्सा व्यय के कारण परिवारों को अक्सर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की उत्पादक आयु वर्ग में होते हैं, नशीली दवाओं की लत के कारण कार्यस्थल पर अनुपस्थिति और उत्पादकता में कमी आ सकती है। हिंसा और अपराध में वृद्धि नशीली दवाओं के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष प्रभाव है। नशे के आदी लोग अपनी दवाओं के भुगतान के लिए अपराध का सहारा लेते हैं। नशीली दवाएँ संकोच को दूर करती हैं और निर्णय लेने की क्षमता को कम करती हैं, जिससे व्यक्ति अपराध करने के लिए प्रेरित होता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के साथ छेड़छाड़, समूह संघर्ष, हमला और आवेगपूर्ण हत्याओं की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। आम आबादी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के जोखिमों और इसके परिणामों के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अलावा, स्कूलों और समुदायों में लोगों, विशेष रूप से युवा व्यक्तियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के बारे में सूचित करने के लिए शैक्षिक कार्यक्रम अपर्याप्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन के विकार वाले व्यक्तियों को कलंकित करने से वे सहायता और समर्थन प्राप्त करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं और समाज में बड़े पैमाने पर भेदभाव उपचार और पुनर्वास सेवाओं तक पहुँच में बाधा उत्पन्न कर सकता है। नशीली दवाओं की लत के उपचार सुविधाओं और योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों की भारी कमी है। भारत में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रचलन और पैटर्न पर सीमित शोध है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और कार्यक्रम विकास में बाधा डालता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग की छिपी और कलंकित प्रकृति के कारण सटीक डेटा एकत्र करने में भी चुनौतियाँ हैं। प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्रों के करीब भारत की भौगोलिक स्थिति इन दवाओं की आसान उपलब्धता की ओर ले जाती है। इसके अलावा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अनुसार, अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के लिए 'डार्क नेट' और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने का चलन बढ़ रहा है। भारत में नए साइकोएक्टिव पदार्थों की खपत बढ़ रही है और ये पदार्थ अक्सर मौजूदा दवा नियंत्रण नियमों के दायरे से बाहर हो जाते हैं, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए उन्हें प्रभावी ढंग से मॉनिटर और विनियमित करना चुनौती बन जाता है।

व्यापक विधायी नीति तीन केंद्रीय अधिनियमों में निहित है, अर्थात औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1988 में अवैध तस्करी की रोकथाम। यह भारत में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन के लिए नोडल एजेंसी है। इसकी स्थापना 1986 में देश भर में नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन प्रयासों के समन्वय के लिए की गई थी। नशीली दवाओं के कानून प्रवर्तन में हितधारकों की बहुलता ने वास्तविक समय के आधार पर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को आवश्यक बना दिया है। गृह मंत्रालय ने जमीनी स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक देश भर के हितधारकों के बीच समन्वय बढ़ाने और नशीली दवाओं के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार-स्तरीय समन्वय तंत्र का गठन किया है। शीर्ष एनसीओआरडी, कार्यकारी एनसीओआरडी, राज्य एनसीओआरडी और ज़िला कॉर्ड तंत्र के चार स्तंभ हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एमओएसजेई) नशे की लत के लिए एकीकृत पुनर्वास केंद्रों (आईआरसीए) के रखरखाव के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये केंद्र मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों वाले व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं। एमओएसजेई ने 2018-2025 के लिए एनएपीडीडीआर शुरू किया। योजना का उद्देश्य बहुआयामी रणनीति के माध्यम से नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रतिकूल परिणामों को कम करना है। सरकार को सीमा शुल्क, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य पुलिस बलों सहित नशीली दवाओं के नियंत्रण में शामिल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मजबूत करने के लिए उपाय करने चाहिए। इसमें उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, तकनीक और संसाधन प्रदान करना शामिल हो सकता है। गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा की कमी जैसे सामाजिक-आर्थिक कारक नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, सरकार गरीबी कम करने के उपायों, रोजगार सर्जन योजनाओं और शिक्षा तक पहुँच बढ़ाकर इन मुद्दों को सम्बोधित कर सकती है। नशीली दवाओं की मांग को कम करने के लिए समुदाय-आधारित रोकथाम कार्यक्रम, शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं।

## कविता

**आध्यात्मिक गीत,**
**संजीव-नी।**
**मोहनी मूरत तुम्हारी ।**

नयनों में नित झूलती
मोहनी मूरत तुम्हारी
जो मैं पूजती तुम्हारी
मूर्ति भी पाषाण की।

भूल जाती सुध बुध भी
नाम तेरा जो जपती
बतियां करते ज्यों प्रेम की
बीत जाते दिन और रात सभी।

जिंदगी हल्की बूंद सी
पर आस बड़ी मन की
पाकर पगों की धूल तेरी
हो जाएगी सभी आस पूरी।

पलकों में मेरी सोई हुई
आ जाते तुम चोरी चोरी
खुलने ना दो प्रभु मेरी
नींद सुहानी फिर कभी।

संजीव
---------

## भ्रष्टाचार का दंश झेल कर संघर्षमय जीवन जीने को मजबूर

प्रितम भि. गेडाम

**भ्रष्टाचार** एक ऐसा अभिशाप है, जो देश के विकास में बाधा डालता है और विषमता, अन्याय, अशांति, गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, कमजोर शासन प्रणाली आदि जैसी अनेक समस्याओं को बढ़ावा देता है। इससे सबसे बड़ा नुकसान गरीब तबके और काबिल लोगों को होता है, क्योंकि उन्हें बेहतर जीवनमान तक पहुंचने का अवसर नहीं मिलता, उनके हिस्से का लाभ किसी अन्य को अनुचित तरीके से चले जाता है। हम सभी भी अपने जीवन में बहुत से कामों के लिए भ्रष्टाचार का शिकार होते है या हुये है। शायद ही कोई दिन हो जब भ्रष्टाचार संबंधित खबर देखने-सुनने न मिले। प्रत्येक विभाग या क्षेत्र में कार्यरत अनेक कर्मचारियों को पता होता है की उनके यहाँ कहा पर अनुचित व्यवहार होता है, लेकिन इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाते, लालच या फिर डर के कारण जैसा चल रहा है, उस हिसाब से चलने देते है। भ्रष्टाचार ने असंख्य जिंदगियां बर्बाद कर दी हैं, पीड़ित परिवार के कई पीढ़ियों को इस भ्रष्टाचार के दंश की सजा भुगतनी पड़ती हैं। सिफारिश, राजनीतिक हस्तक्षेप, दबाव, सत्ता या पद का दुरुपयोग भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से स्कोर 39 के साथ 93वें स्थान पर है, जो 2022 में 40 स्कोर के साथ 85वें स्थान पर था। मतलब 2023 में गिरावट दर्ज हुयी। महाराष्ट्र राज्य के नागपुर शहर में स्थित राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर भर्ती के लिए हर पद हेतु 50 से 80 लाख रुपये की रिश्वत लेने की खबर दैनिक भास्कर हिंदी समाचारपत्र ने 15 अगस्त 2024 को अपने प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित की थी। आज भी हम इस अखबार की वेबसाइट पर जाकर इस खबर को ऑनलाइन पढ़ सकते हैं, यह पहली बार नहीं है, जब राज्य में पद भर्ती के नाम पर पैसो की मांग हुयी है, ऐसी खबरें पहले भी प्रसारित हो चुकी हैं, महाविद्यालय में पद भर्ती की इस समस्या के बारे में कई कुलपतियों और संबंधित विभागों, मंत्रियों को सूचित करने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। कुछ दिन पहले खबर प्रकाशित हुयी थीं कि महाराष्ट्र के संभाजी नगर में एक महिला प्रोफेसर ने पीएचडी शोध छात्र से 5 लाख रुपये की रिश्वत तय कर पहली किस्त की रकम लेते हुए पकड़ी गयी थी। ऐसी हजारों घटनाएं होती हैं, लेकिन समाज के सामने उजागर बहुत कम होती हैं। अनेक विभागों में भ्रष्टाचार दबे पांव अपना काम करते रहता है। फिलहाल पदभरती की राह में महाराष्ट्र राज्य के अकृषी विश्वविद्यालयों में 1200 और महाविद्यालयों में 11000 स्वीकृत पद रिक्त हैं। भ्रष्टाचार की समस्या का अनुभव जानने के लिए उस क्षेत्र में अपना काम करवाने जब हम उम्मीदवार बन कर जाते है, तब आसानी से हमें अनुचित व्यवहार की जानकारी मिलती है। क्या करें, यदि कोई व्यक्ति उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने जीवन का बहुमूल्य समय, पैसा और उम्र खर्च कर दें, यानी अपनी योग्यता साबित करने के बावजूद नौकरी पाने के लिए उसे रिश्वत देनी पड़े? ऐसी स्थिति में गरीब और ईमानदार का पढ़ना-लिखना तो गुनाह हो जाएगा? देश में आर्थिक असमानता की खाई अधिक गहरी हो गई है, अमीर अधिक अमीर और गरीब का संघर्ष तो खत्म ही नहीं हो रहा है। अनेक उच्च शिक्षा पदवी विभूषित काबिल बेरोजगार जीवनयापन के लिए जो बन पड़े, मतलब मजदूरी तक करके दिन काट रहे है। वैश्विक असमानता डेटाबेस के अनुसार 2014-15 और 2022-23 के बीच, धन संकेंद्रण के मामले में शीर्ष-अंत असमानता में वृद्धि हुई है।

## विचार

# जब सब जुटेंगे तो न बंटेंगे, न कटेंगे

सुशील कुमार 'नवीन'

**बांग्लादेश** में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और अत्याचार की बढ़ती घटनाएं भारतवर्ष के लिए भी चिंतनीय है। इसका सामयिक प्रभाव आने वाले समय में देश की अस्मिता पर भी पड़ सकता है। इसी चिंतन के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। फर्क बस इतना है कि इस बार पटकथा सामने न आकर पर्दे के पीछे लिखी जा रही है। सामाजिक समरसता और सामूहिक एकता की समग्र भावना की इस राष्ट्रव्यापी मुहिम में संघ का उद्देश्य एकजुटता की भावना पैदा करना है। इस बार सामाजिक व धार्मिक संगठनों के साथ जनप्रतिनिधियों को भी साथ जोड़ा जा रहा है। ताकि अभियान केवल संघ का न होकर एकजुटता का दिखे। मध्यप्रदेश के बड़े शहरों भोपाल, इंदौर,उज्जैन,जबलपुर आदि में हुए प्रदर्शनों में लाखों की संख्या में शामिल लोगों ने मामले की गंभीरता दिखा दी है। उत्तरप्रदेश के वाराणसी, प्रयागराज,राजस्थान के कई बड़े शहरों ने भी अभियान में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। इसी क्रम में हरियाणा में भी सभी जिलों में विभिन्न संगठनों के साथ बड़ी बैठक कर कार्य योजना बनानी शुरू कर दी गई है।

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में अगस्त माह से जो हो रहा है, आज वो किसी से छिपा नहीं है। सत्ता परिवर्तन के बाद वहां हिन्दू और अन्य अल्पसंख्यक निशाने पर हैं। हाल ही में हिंदू धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी ने मामले को और हवा दे दी है। वैसे तो इस मामले में शुरूआत से ही हिंदू संगठनों ने आवाज उठानी शुरू कर दी थी। इसका प्रभाव भी कुछ दिखाई देने लगा था। पर जिस तरह से एक बार फिर हिंदुओं के साथ जो व्यवहार दिखा है। उससे अब नजर फेरना सहज नहीं है। आंकड़ों पर नजर डाले तो बांग्लादेश की जनसंख्या में 91 फीसदी मुसलमानों की भागीदारी हैं। हिंदू 8% से भी कम हैं। 1971 में यह प्रतिशतता 13.5 प्रतिशत थी। जो लगातार घटी ही है। 1991 में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत तक पहुंच गया। जो अब 8 फीसदी से भी नीचे पहुंच चुका है। अगस्त माह में बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं। हजारों की संख्या में हिंदुओं के मकानों, दुकानों और मंदिरों को निशाना बनाया गया है। जब बांग्लादेशी हिंदुओं ने आवाजें उठानी शुरू की है तो वे सीधे निशाने पर आने शुरू हो गए हां। हाल में ही हिंदू धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया जाना भी सहजता से पचने लायक नहीं है। हिंदू धर्म विश्व का तीसरा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। विश्व भर में हिंदू धर्म को मानने वालों की संख्या काफी प्रभावी है। 50 से अधिक देशों से हिन्दू धर्म को मानने वाले विश्वभर में फैले हुए हैं। हिंदू धर्म मानने वाला भारत प्रथम देश है। भारत के अलावा नेपाल और मॉरीशस ही तीन ऐसे देश हैं, जहां पर हिंदुओं को बहुसंख्यक माना जा सकता है। अतीत में जाएं तो बांग्लादेश में हिंदुओं की बड़ी संख्या वहां निवास करती थी। आंकड़ों की माने तो 1991 के बाद से हर जनगणना ने वर्तमान बांग्लादेश की आबादी में हिंदुओं की संख्या में गिरावट देखने को मिली है। चाणक्य नीति में एक प्रसिद्ध श्लोक है। जो इस घटनाक्रम के संदर्भ में बिल्कुल सटीक बैठता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं -

**नात्यन्तं सरलैर्भाव्यं गत्वा पश्य वनस्थलीम्।**
**छिद्यन्ते सरलास्तत्र कुब्जास्तिष्ठन्ति पादपाः॥**

इस श्लोक में आचार्य चाणक्य ने कहा है कि मनुष्य को हद से ज्यादा भी सरल और सीधा नहीं होना चाहिए। जंगल के वृक्षों में सबसे पहले सीधे वृक्षों को काटा जाता है उसी प्रकार सीधे मनुष्य को चालाक और चतुर लोग पहले फायदा उठाते हैं। ठीक यही अब बांग्लादेश में हो रहा है। पूर्व समय में पूर्वी पाकिस्तान जो आज का बांग्लादेश है। इसके स्वतंत्र गठन में भारत ने जो भूमिका निभाई थी। उसे शायद बांग्लादेश की आवाम भूल गई है। भारत की मदद से अपने आपको विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ने वाला बांग्लादेश आज भारत को ही आंखे दिखाने को है। कहने को बार-बार कहा जा रहा है कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यकों के हितों के खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन जिस तरह से वर्तमान स्थिति बनी है वो साफ दिखा रही है कि सब कुछ सही नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## युवा पीढ़ी को हिंसा, असहिष्णुता,और वासना से अभी बचाना जरूरी

भूपेन्द्र गुप्ता

मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल के छतरपुर जिले के एक छोटे से गांव में जहां पर संस्कृति और संस्कार की पकड़ समाज पर गहन होती है वहां एक छात्र द्वारा अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल को गोली मार देने की घटना देश को हिला देने वाली है।भारत के पिछले 100 साल के ज्ञात इतिहास में संभवतः यह पहली घटना है, जहां पर एक छात्र ने अपने प्रिंसिपल को गोली से भून डाला है। इसी समय मध्य प्रदेश के एक दूसरे गांव गरोठ में दलित परिवार द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को रोकने के लिए एक दबंग ने गोली से महिला मजदूर को भून दिया है। एक और घटनाक्रम में स्कूल के सहपाठी चार नाबालिगों ने एक बच्ची से गैंगरेप किया फिर उसे ब्लैकमेल किया और अंततोगत्वा उस बच्ची ने आत्महत्या कर ली। समाज में इतनी हिंसा, इतनी नफरत, इतनी असहिष्णुता,इतनी वासना कहां से आ रही है? क्या हमारा समाज अपने मूल्यों को बचाने में असफल हो रहा है ? क्या घृणा के दो छोर इतने कठोर हो चुके हैं कि अब शिष्य और गुरु के बीच में भी गोली ही अंतिम उपाय रह गया है । समाज के रूप में अगर हम भारत को देखें तो यह गन कल्चर हमने अमेरिका में तो सुना था जहां पर बच्चे स्कूल के अंदर ताबड़तोड़ गोलियां चला देते हैं । यह हमने पाकिस्तान में भी सुना था लेकिन भारत में इस घटना का होना दशार्ता है कि समाज में जंग लग रही है और हमारा सिस्टम हमारी मूल्यानुगत परंपराएं इस उन्माद का समाधान खोजने में असमर्थ हैं ।

भारत के गांवों का हम अध्ययन करें तो पाते हैं कि विगत 10 वर्षों में गली कूचों और देहातों में जिन गरीब बस्तियों में ना तो नियमित रोजगार है न ही अतिरिक्त आमदनी , वहां भी आधा गांव नशे में डूबा है। नशीले पदार्थों का सेवन,धर्म,और जाति का नशा और इसकी फंडिंग राज्य को तो असफल कर ही रही है ,समाज के रूप में भी हमें असफल कर रही है। हम 10 वर्ष पहले यह दम भरने वाले राष्ट्र थे कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हमारी 50 फीसदी आबादी युवा है और हम दुनिया को नेतृत्व देने की क्षमता रखते हैं ।

## फास्ट फूड बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

मनोज कौशल

**वर्तमान** में फास्ट फूड बच्चों और बच्चियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, क्योंकि इसमें पोषण की कमी और हानिकारक तत्वों की अधिकता होती है। फास्ट फूड में प्रोटीन, विटामिन, और खनिज जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं। आजकल स्कूल से आने जाने में अधिकतम बच्चों को सड़कों के किनारे मंचूरियन छोड़ चार्ट और अन्य नुकसान दे फास्ट फूड खाते हुए देखा जा सकता है। इस तरीके की प्रवृत्ति वर्तमान समय में पूरे देश में अधिकतम बढ़ गई है जो कि बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बच्चे शारीरिक रूप से पेट संबंधी और मानसिक बीमारियों से ग्रसित हो जा रहे हैं और युवावस्था में लड़कियों के लिए पेट और पीरियड्स जैसे समस्याओं को जन्म दे रहा है।फास्ट फूड में कैलोरी, चीनी और वसा की मात्रा अधिक होती है, जिससे मोटापे का खतरा बढ़ता है। मोटापा आगे चलकर हृदय रोग, मधुमेह, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसमें फाइबर की कमी होती है, जिससे बच्चों को पाचन समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे कब्ज या एसिडिटी। नियमित रूप से फास्ट फूड खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे बच्चे बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

फास्ट फूड में ट्रांस फैट और प्रिजर्वेटिव्स की अधिकता बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे उनकी सीखने और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम हो सकती है।

फास्ट फूड में अधिक चीनी और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स शामिल होते हैं, जो दांतों की सड़न और मसूड़ों की समस्याएँ पैदा कर सकते हैं। फास्ट फूड में इस्तेमाल किए गए मसाले और स्वाद बढ़ाने वाले पदार्थ बच्चों को इसकी लत लगा सकते हैं, जिससे वे स्वस्थ आहार से दूर हो सकते हैं। समाधानः बच्चों को घर का ताजा और संतुलित आहार दें। फास्ट फूड की जगह फल, सब्जियाँ, सूखे मेवे, और हेल्दी स्नैक्स जैसे विकल्प दें।

## न्यूज फ्लैश

### दुकानदार पर हमला अपहरण का प्रयास करने का आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर। रेलवे रोड स्थित अनाज** मंडी के पास दुकानदार से मारपीट कर अपहरण का प्रयास करने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित मोहसिन पानीपत के गांव झटिपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। जानकारी अनुसार शास्त्री नगर निवासी शौकीन ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि उसकी रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी के पास दुकान है। 27 नवबंर की शाम 2-3 गाडियां दुकान के पास आ कर रुकी। गाड़ी से 10-12 लड़के लाठी डंडे लेकर उतरे और उसके व नौकरों के साथ मारपीट की। बदमाशों ने दुकान के गल्ले से करीब 20 हजार रुपये की नकदी चुराई और सीसीटीवी कैमरे तोड़ कर डीवीआर भी लूट लिया। बदमाशों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया, लेकिन किसी तरह बदमाशों के चंगुल से बचकर बाहर निकला और शोर मचाया। जाते समय बदमाश उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शौकीन की शिकातय पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपित मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जसपाल ने बताया कि पूछताछ में मोहसिन ने बताया कि उसकी दुकानदार शौकीन के साथ पुराना झगड़ा चल रहा था, जिस वजह से उसने अपने साथियों के साथ इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब रिमांड के दौरान मामले में संलिप्त दूसरे आरोपितों का पता लगाने का प्रयास करेगी।

### नपा वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक 10 को

**गन्नौर। नगर पालिका के** वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक निर्धारित कर दी गई है। उपायुक्त के निर्देश पर नगरपालिका में 10 दिसंबर को अविश्वास प्रस्ताव के लिए पार्षदों की बैठक बुलाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम डा. निर्मल नागर करेंगे। बता दें कि नगर पालिका के वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा के खिलाफ 17 में से 13 पार्षदों ने उपायुक्त के समक्ष 20 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पेश किया किया। पिछले दो साल से चेयरमैन की कार्यप्रणाली से पार्षद नाराज चल रहे हैं। प्रशासन द्वारा बैठक का समय निर्धारित न करने पर पार्षद हाईकोर्ट पहुंच गए थे। इस मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को होनी है। इससे पहले उपायुक्त ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए बैठक बुलाने के निर्देश दे दिए हैं। एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर बैठक 10 दिसंबर को होगी। जिसमें अविश्वास प्रस्ताव के एजेंडे पर चर्चा की जाएगी।

### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के प्रबंधक पर लगा जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य के साथ मारपीट का आरोप

**गन्नौर। जिला कष्ट निवारण समिति** के सदस्य एवं भाजपा गन्नौर विधानसभा के संयोजक विद्याभूषण हसीजा ने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के प्रबंधक सुमित कादियान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विद्या भूषण हसीजा का आरोप है कि उन्होंने सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की बीएसटी रोड शाखा से हाउस लोन लिया था। लोन चुकता करने के बाद वह अपने प्रापर्टी के दस्तावेज लेने बैंक पहुंचे तो बैंक प्रबंधक ने उनके साथ बदसलूकी की और गाली-गलौच करते हुए मारपीट भी की। उन्होंने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में विद्याभूषण हसीजा ने बताया कि उन्होंने बैंक प्रबंधक के खिलाफ पहले भी हेड आफिस में शिकायत की थी, जिसके चलते प्रबंधक उनसे व्यक्तिगत रंजिश रखने लगा। 5 दिसंबर को उन्होंने बैंक का सारा लोन चुकता कर दिया। 6 दिसंबर को बैंक के सहायक प्रबंधक ने उन्हें फोन कर बैंक में दस्तावेज ले कर जाने के लिए बुलाया। जब उन्होंने बैंक जा कर अपने दस्तावेज मांगे, तो बैंक प्रबंधक ने उनसे बदसलूकी करनी शुरू कर दी। इसके बाद प्रबंधक ने उन्हें दस्तावेज दे दिए। जब वह दस्तावेज लेकर बैंक से बाहर निकल कर स्कूटी पर बैठे तो प्रबंधक भी बाहर आया और गालियां देते हुए उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। इनकार करने पर उसने उनकी स्कूटी पर लात मारने की कोशिश की, जिससे वे गिरने से बाल-बाल बचे। इसके बाद जान बचाने के लिए पास के सुरेंद्र नांदल के घर में शरण ली तो बैंक प्रबंधक भी वहां घुस आए और घर का दरवाजा बंद कर उनसे मारपीट की।

# महिलाओं के लिए योजना का सोमवार को शुभारंभ करेंगे प्रधानमंत्री मोदी: सैनी

## महिलाओं को सशक्त बनाना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मख्यमंत्री नायब** सिह ने शनिवार को ऐतिहासिक नगरी पानीपत के सेक्टर 13-17 में सामवार को आयोजित होने जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया व अधिकारियो के साथ बैठक कर कछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लकर सरकार हमशा से गंभीर रही है व प्रधानमंत्री नरेंद्र की महिलाओ को सशक्त करने की प्राथमिकता रही है। सरकार महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया की पानीपत का कार्यक्रम



ऐतिहासिक होगा इसको लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री का सभा स्थल पर पहुंचने पर बुका देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 दिसबर को पानीपत की ऐतिहासिक भूमि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण को लकर बड़ी योजना का शभारंभ करेंगग। इसको लेकर महिलाओं में विशष उत्साह नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से बटी बचाओ -बटी पढाओ का भव्य सेंदश दिया था। जिसका लाभ लाखों महिलाओं को मिला रहा है। कार्यक्रम के बाद बेटियों को सुरक्षा मिली और लाखों बटियों को जीवन दान मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद महिलाएं और सशक्त होंगी रोजगार के नए अवसर सर्जित होंगे व महिलाएं और आगे बढ़ेगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से भी महिलाओं के जीवन स्तर को आगे बढना सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति बिल पास कर करके महिलाओं को और सशक्त बनाया है। कुछ राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे थे लेकिन अब महिलाएं को और सशक्त बनाने के लिए सरकार कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से देश के विकास को और बल मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर चक चौबंद व्यवस्था की गई है।

## लड़कियों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। समाज कल्याण** स्कूल बजाना कलां ने अच्छी पहल करते हुए गांव की लड़कियों द्वारा शिक्षा ग्रहण करने का लेकर जागरूकता अभियान चलाया।त्र अभियान की शुरूआत गांव के स्कूल से स्कूल प्रधानाचार्या अनिता कुमारी ने जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सैकड़ों छात्रों ने लड़कियों की शिक्षा को लेकर जोर-जोर से नारें लगाए। नारों से गांव की गलियां गूंज उठी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ देश में साक्षरता को बढ़ाओ और अन्य नारे लगाते हुए बेटियों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। बेटी बचाओं-बेटी पढाओं देश में साक्षरता को बढ़ाओं आदि नारे लिखे बैनर छात्र हाथों में लिए हुए थे। अभियान की गांव के बुजुर्गों द्वारा सहाना की गई। प्रधानाचार्या अनिता कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की लड़कियां लड़कों से कम नहीं है वह हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलकर खड़ी हैं। समाज में हो रही अपहरण की घटनाओं को मद्देनजर लड़कियों को और अधिक सजग रहना होगा। प्रधानाचार्या ने कहा कि बेटियां शिक्षित होकर दो परिवारों को संवारती है।

## बांग्लादेश में हिंदू समाज के दमन के खिलाफ हिंदू समाज करेगा प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बांग्लादेश में** हिन्दु समाज पर हो रही हिंसा के खिलाफ तथा अपने हिन्दू बहनों व भाइयों के साथ सहानुभूति व सहयोग प्रगट करने के लिए करनाल के समस्त हिंदू संगठन, व्यापारिक व सामाजिक संस्थाएं 9 दिसंबर को शहर में विशाल प्रदर्शन करेंगी।

सनातन धर्म संगठन के महासचिव विनीत खेड़ा ने कहा कि भारत सरकार पर बांग्लादेश के विरूद्ध विश्व स्तर पर दबाव बनाने के लिए एक विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

# राई विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। राई से विधायक** कृष्णा गहलावत ने शनिवार को अपने धन्यवादी दौर के दौरान हलके के गांव जाटी कलां में पहुंचकर लोगों का आभार जताया। उन्होंने धन्यवादी दौरे के दौरान जाटी कलां से दहिसरा व जाटी कलां से खटकड़ सड़क का शिलान्यास भी किया। एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इन दोनों सड़कों की लंबाई करीब 4 किलोमीटर है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हमारे द्वारा जारी संकल्प पत्र में कहे तमाम वायदों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता से जो वायदे बीजेपी ने किये थे, उन्हें पूरा



करने के लिए हम तत्पर है। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे, इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें कड़े निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी कार्य में क्वालिटी व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी कार्य क्वालिटी और समय सीमा में पूरे किए जाएं ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा की राई उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। राई विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने जिस विश्वास व उम्मीद के साथ उन्हें प्यार व मान-सम्मान देकर अपना जनप्रतिनिधि चुना है उसके लिए मैं हलके की जनता करती हूं और उन्हें विश्वास दिलाती हूं कि वे वे उनकी उम्मीदों को कभी कम नहीं होने देंगी। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका पगड़ी एवं फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। धन्यवादी दौरे के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार ने समाधान शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित निवारण करने की दिशा में एक अनूठा एवं सार्थक कदम उठाया है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि जिले में जिलास्तर व उपमण्डल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## शटर का ताला तोड़ ढाई लाख की तांबे की तार चुरा ले गए चोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। कुंजपुरा रोड** पर चोरों ने एक इलेक्ट्रिकल शॉप को निशाना बनाया। चोर दुकान का ताला और ग्लास डोर को भी तोड़ कर अंदर घुसे। दुकान के अंदर से 40-50 तांबे की रील लेकर फरार हो गए। इसमें करीब 2 लाख से 2.50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। बीते एक सप्ताह में चोरी की तीन वारदातें हो चुकी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के कुंजपुरा रोड पर हेड पोस्ट ऑफिस के ठीक सामने यूनिक इंटरप्राइसेस की दुकान पर चोरी हुई है। दुकान मालिक अनिल गुप्ता ने बताया कि वह रात को अच्छी तरह से दुकान बंद करके गया था। आज वह दुकान पर पहुंचा तो उसकी दुकान का शटर उठा हुआ पाया। जब उसने शटर उठाकर देखा तो अंदर का ग्लास डोर भी टूटा हुआ था और अंदर कांच ही कांच बिखरा हुआ था। दुकानदार ने बताया कि चोर कॉपर वायर को टारगेट कर रहे हैं, क्योंकि तांबे की तारों की कीमत बहुत ज्यादा है और शहर में तीसरी दुकान है, जिस पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है और साथी दुकानदार की दुकान से 40-50 तांबे की रील उठाई है।

# किसी भी गांव में विकास कार्यों में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी: कृष्ण लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश के विकास** एवं पंचायत तथा खनन, भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार शनिवार को असंध उपमंडल के मोर माजरा गांव में पहुंचे। इस दौरान गांव में स्थित आर्य कन्या गुरुकुल की प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने उनका पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि गांव के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय की 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाली चारदीवारी का शिलान्यास किया। इसी कड़ी में आर्य कन्या गुरुकुल मोर माजरा में 16 लाख रुपए की लागत से बनने वाली वाहन पार्किंग का भी शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर असंध के विधायक योगेंद्र राणा भी मौजूद रहे। उक्त परियोजनाओं का शिलान्यास करने उपरांत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी गांव में विकास कार्यों में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी। पूरी पारदर्शिता के साथ हर गांव, हर क्षेत्र में बिना भेद भाव के समान रूप से भाजपा की सरकार पिछले 10 वर्षों से कार्य कर रही है।

## नीलोखेड़ी में चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। चौधरी** चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में विस्तार अधिकारियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षण विधियां और तनाव प्रबंधन विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। प्रशिक्षण संयोजक डा. अनिल कुमार रोहिला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में तनाव प्रबंधन हम सभी के लिए बहुत आवश्यक विषय है, क्योंकि तनाव बढने के कारण हम अपने निजी व पेशेवर जीवन में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं और हमारे स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि विस्तार अधिकारियों के लिए यह विषय बहुत ही उपयुक्त है, क्योंकि एक विस्तार अधिकारी को एक साथ कई कार्य करने होते हैं, इसलिए उनके लिए तनाव प्रंबधन बहुत आवश्यक है।

# एस आर ग्रीन फील्ड क्लब ने जन चेतना क्लब को 18 रनों से किया पराजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। स्पोर्ट्स क्लब** गनौर द्वारा आयोजित अंडर 14 आयु वर्ग क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सुरजीत धनखड़, विशिष्ट अतिथि नरेंद्र शर्मा ने शिरकत की। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया शुक्रवार को फाइनल मैच जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब गन्नौर और एसआर ग्रीन फील्ड कुरुक्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें पहले खेलते हुए एसआर ग्रीन फील्ड कुरुक्षेत्र ने 204 रन 8 विकेट के नुकसान पर 35 ओवर में बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी



जन चेतना स्पोर्ट्स क्लब गनौर ने 186 रन 10 विकेट देकर ऑल आउट हुई।

मैच में एस आर ग्रीन फील्ड ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुजीत धनखड़ ने विजय टीम और उपविजेता टीम को ट्राफी और खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया। धनखड़ ने विजेता टीम के साथ पौधारोपण कर अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

## स्पीकर ने बरसत रोड स्थित रैन बसेरे का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शनिवार को बरसत रोड स्थित रैन बसेरे का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रैन बसेरे में किसी भी राहगीर को दिक्कत नहीं आनी चाहिए और उनके के लिए पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, नपा सचिव रवि प्रकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे थे।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आज पहुंचेंगे उपराष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मंच पर सजी लोक संस्कृति और शिल्प कलाओं का अवलोकन करने के लिए देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को कुरुक्षेत्र पहुंच रहे है। इस उत्सव के साथ-साथ उपराष्ट्रपति विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने शनिवार को देर सायं उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को



करीब 11 बजे कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों में पहुंचेंगे। इन सभी कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेश दिए की अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी करेंगे, किसी स्तर पर भी कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अगर कोई खामी पाई गई तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के उपरांत अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को कुरुक्षेत्र आएंगे।

इसके लिए सभी कार्यक्रम स्थलों और रुट प्लान के अनुसार ड्यूटियां लगा दी गई है और हर कार्यक्रम स्थल पर पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। किसी को भी कार्यक्रम स्थलों पर अधिकृत द्वारा जारी पहचान पत्र के बिना जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी से अपील की जा रही है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के ज्ञानेश्वर व अनीता ने करवाया योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र : प्रदेश के** लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की प्रेरणा, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के उद्यम, महानिदेशक आयुष हरियाणा, अंचल सिंह के निर्देशन एवं हरियाणा योग आयोग, पंचकूला के ऊजार्वान एवं संकल्पित चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के कुशल मार्गदर्शन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के समग्र प्रबंधन तथा हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा एवं जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ जागीर सिंह के समन्वयन में हरियाणा योग आयोग पंचकूला, आयुष विभाग एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता



महोत्सव पर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के ब्रह्म सरोवर स्थित मेडिटेशन हॉल में स्थानीय योग संस्थाओं के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय ध्यान योग शिविर का आज विधिवत शुभारंभ हो गया क मुख्य अतिथि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति वैद्य करतार सिंह धीमान, विशिष्ट अतिथि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के ब्रह्मचारी ज्ञानेश्वर, हरियाणा योग आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा, आयुष विभाग के डॉ जागीर सिंह सहित स्थानीय योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अन्य गणमान्य महानुभावों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ! रा. आ. सं. व. मा. विद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने बांसुरी पर गायत्री मंत्र की धुन बजाई ! मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि,आयोग के वाइस चेयरमैन, केडीबी सदस्य अशोक रोशा का अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया ! शिविर के प्रथम दिन आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से अक्षय मित्तल, अनिता बहन, सुशील बंसल, डेजी बंसल, विमल गर्ग इत्यादि द्वारा सुंदर योगासन एवं अनुलोम विलोम प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया !

ब्रह्मचारी ज्ञानेश्वर ने भस्त्रिका प्राणायाम व ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया कथा अपनी संस्था के बारे में संक्षिप्त में बताया ! महिला पतंजलि योग समिति की डॉ निरुपमा भट्टी ने बहुत सुंदर मंच संचालन किया ! कार्यक्रम के अंत में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों द्वारा कलात्मक योगासन खेल की अति सुंदर प्रस्तुति दी गई ! आयोग द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व कलात्मक योगासन प्रस्तुति देने वाले सभी विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया !

प्रातः कालीन सत्र के पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथियों व उपस्थित सभी महानुभावों ने ब्रह्म सरोवर पर स्टॉल नंबर 753 से 757 में आयोग द्वारा आयोजित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया ! दोपहर के सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग की डेजी बंसल ने डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को प्राणायाम एवं ध्यान साधना करवाई।

# रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा कीर्ति पहल 68वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। स्कूल खेल फेडरेशन** ऑफ इंडिया द्वारा 14 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रौनक पब्लिक स्कूल गन्नौर की 8वीं कक्षा की छात्रा कीर्ति पहल के शानदार खेल को देखते हुए उसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए अमरावती में आयोजित 68वीं कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित कर भेजा गया है। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने कीर्ति पहल को 10 से 12 दिसंबर के बीच खेले जाने वाली 68वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। रौनक पब्लिक



स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि गन्नौर में खेलों को बहुत महत्व दिया जाता है, और स्कूल में विभिन्न प्रकार की खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूल का उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करना है। कीर्ति का चयन 68वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए होना उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कीर्ति प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और अपने स्कूल और परिवार को गौरवान्वित करेगी।

## न्यूज फ्लैश

### किड्जी कल्याण नगर स्कूल में रिटेंशन सेमिनार आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** किड्जी कल्याण नगर स्कूल में एक रिटेंशन सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी और जूनियर केजी के बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया और अपने बच्चों की शिक्षा में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस सेमिनार की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन कर व सीनियर किड्ज़ियन्स और अभिभावकों द्वारा किड्जी एंथम गाकर हुई। सेमिनार में, विशेष वक्ता सीनियर टेरिटरी मैनेजर सुमंत बत्रा और अकादमिक इंचार्ज अनुष्का दुबे ने अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा में सुधार करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि कैसे अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं और उनकी शिक्षा में सुधार कर सकते हैं। किड्जी स्कूल प्रबंधक आदित्य वत्स ने बताया कि वे इस तरह के सेमिनार समय समय पर अभिभावकों के लिए आयोजित करते रहते हैं, ताकि अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। प्रधानाचार्या एकजोत कौर ने भी सेमिनार में भाग लिया और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किड्जी स्कूल हमेशा से अपने छात्रों की शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस सेमिनार के माध्यम से किड्जी स्कूल ने अभिभावकों को अपने बच्चों की शिक्षा में सुधार करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की। सेमिनार के अंत में सीनियर किड्ज़ियन्स ने एक बार फिर से पेंटेमाइंड गीत और किड्जी टाइटल सॉन्ग पर एक मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे सभी को धन्यवाद देने का अवसर मिला। उनके ऊजार्वान और आकर्षक प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सेमिनार के समापन पर अभिभावकों ने अपने अनुभव सांझा किए और किड्जी स्कूल को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

### उप राष्ट्रपति धनखड़ के महोत्सव में शिरकत को लेकर धारा 163 के तहत जारी किए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 8 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2024 में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में वीवीआईपी के आगमन पर सुरक्षा की दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन/ग्लाईडर इत्यादि हवाई यंत्रों पर प्रतिबंध किया जाना जरुरी है।
जिलाधीश नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत सुरक्षा की दृष्टिद्द से कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के लिए 8 दिसंबर को वीआईपी मार्ग, एनआईटी कुरुक्षेत्र, श्री भद्रकाली शक्तिपीठ व उसके आसपास 100 मीटर के दायरा तक सडक के दोनों पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा।

# नृत्य में विजडम वर्ल्ड तथा महाराणा प्रताप स्कूल ने प्रथम पुरस्कार जीता

**जयराम विद्यापीठ का उद्देश्य गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर प्रतियोगिताओं से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करना है: ब्रह्मस्वरूप**

**जन्मोत्सव**

**ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि विद्यापीठ में जो भी अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भगवान श्री कृष्ण के मुखारविंद से उत्पन्न हुई पावन गीता के जन्मोत्सव गीता जयंती महोत्सव 2024 के अवसर पर श्री जयराम विद्यापीठ परिसर में चल रही अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं का गीता व रामायण पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के साथ समापन हो गया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में करीब 40 स्कूलों की विभिन्न टीमों के प्रतिभागियों ने खूब धमाल मचाया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के अवसर पर श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के साथ कथा वाचक संजीव कृष्ण ठाकुर ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की खूब सराहना की।
इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करने से पूर्व परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कहा कि विद्यापीठ में जो भी अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं। उनका मकसद युवाओं और विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों को प्रोत्साहित करना है। विद्यापीठ का उद्देश्य गीता जयंती के माध्यम से बच्चों को जीवन में समाज का अच्छा पात्र बनाना व संस्कार पैदा करना है। उन्होंने कहा कि महाभारत के कई प्रसंग इस बात का प्रमाण हैं कि जीवन में हमेशा सत्य और संस्कारों के मार्ग पर चल कर सफलता हासिल होती है। गुरुओं की प्रेरणा से ही जीवन में सदमार्ग एवं सफलता मिलती है। अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को गीता से जोड़ें तथा गीता का अध्ययन करने की आदत डालें। ब्रह्मचारी ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कारों से मजबूत समाज और राष्ट्र का निर्माण होगा।
सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता परिणाम सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में विजडम वर्ल्ड स्कूल तथा महाराणा प्रताप स्कूल सैक्टर 7 की टीमों ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में एस.के.एस. इंटरनैशनल गुरुकुल, स्वराज पब्लिक स्कूल रादौर तथा महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल मोती चौक ने दूसरा स्थान हासिल किया। पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंड़ा, के.एस. कॉन्वेंट स्कूल तथा अग्रसेन पब्लिक स्कूल सैक्टर 13 ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल सैक्टर 7, श्री महावीर जय पब्लिक स्कूल, संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा सेठ टेक चंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल ज्योति नगर को सांत्वना पुरस्कार हासिल हुआ। इस मौके पर प्रतियोगिता में डा. सुप्रिया शर्मा एवं डा. वीर विकास ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। इस अवसर पर टी.के. शर्मा, श्रवण गुप्ता, राजेंद्र सिंघल, कुलवंत सैनी, के.के. कौशिक, डा. नरेंद्र पाल गुप्ता, खरैती लाल सिंगला, सुरेंद्र गुप्ता, विनीत गर्ग, राजेश सिंगला, टेक सिंह, सुरेश कुमार, मुनीश मित्तल, रोहित कौशिक, सतबीर कौशिक भी मौजूद रहे।

## गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्री प्राइमरी विंग



**समालखा 7 दिसम्बर ( कुलदीप सिंह )** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्री प्राइमरी विंग में शनिवार को खेल मेले का आयोजन किया गया। जिसके अंर्तगत कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा अध्यापक, अध्यापिकाओं व डीपी राहुल तथा अजय ने छात्र व छात्राओं की योग्यता एवं रुचि के अनुसार स्वास्थ्यवर्धक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन युक्त खेलो का चयन किया गया। छात्रों ने फ्रॉग रेस, बाल बैलेंसिंग, थ्री लोग रेस, बिस्किट रेस, पैक द बैग, बोतल कलेक्शन, बैलून रेस, पॉप थे बैलून, सैक रेस, लेमन रेस आदि प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रेस में तन्वी, नक्श, खुशी, नैना, परी, आयांश, केशव, गर्वित, निकिता, अंकुश, पर्व, वाणी, अंशिका, हिमांशु, अंकुश आदि बच्चे विजेता रहे।
इस मौके पर मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक अनुराधा जांगड़ा और डायरेक्टर। स्वाति जांगड़ा, गीता एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अनुराधा जांगड़ा और स्वाति जांगड़ा, राधेश्याम जांगड़ा, स्कूल प्राचार्या डॉक्टर अभिलाषा, प्राध्यापक जितेन्द्र उत्तम,उपप्राचार्य रमेश वत्स ने प्रतियोगिताओं मे प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों के खेल व हौंसले की सरहाना कर सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतियोगितावादी युग मे विद्यार्थियों मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव अवश्य होना चाहिए।

## संतरी परिधान डालकर मनाया झंडा दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भारतीय सशस्त्र सेवा झंडा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों के अंदर देशभक्ति की भावना जगाने के लिए विद्यालय की प्रिंसिपल ने नर्सरी से पांचवी कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को संतरी रंग के परिधान डालने के लिए प्रेरित किया। सबसे पहले इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान प्रमोद बंसल ने भारतीय सशस्त्र सेवा झंडा दिवस पर भारतीय सशस्त्र बलों के साहस ,वीरता एवं बलिदान को नमन किया। विद्यालय के प्रबंधक फकीरचंद बिंदल ने कहा कि सशस्त्र सेवा झंडा दिवस पर हम अपने बहादुर जवानों के बलिदान के प्रति सम्मान करते हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल रेखा शर्मा ने बताया कि संतरी रंग त्याग, बलिदान, ज्ञान, शुद्धता एवं सेवा का प्रतीक है। हमें अपने देश के सशस्त्र सेवा के झंडे का सम्मान करना चाहिए।

## किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम स्कूल में सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया

**झंडा दिवस**

**मुख्य अध्यापिका के मार्गदर्शन में किया गया। विद्यार्थियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के महत्व के बारे में बताया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3 में सशस्त्र सेना झंडा दिवस बड़े उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सूबेदार आर.आर. शर्मा (वेलफेयर ऑफिसर, जिला सैनिक बोर्ड, कुरुक्षेत्र), सूबेदार मेजर रविंद्र कौशिक (कारगिल योद्धा, समाजसेवी एवं प्रकृति प्रेमी), कर्नल आर.के. मलिक, और हवलदार वेद प्रकाश जैसे विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ और मुख्य अध्यापिका सुनीता रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।
बताया गया कि यह दिवस सर्वप्रथम 7 दिसंबर 1949 को मनाया गया था, जिसका उद्देश्य भारतीय सेना के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करना और उनके कल्याण के लिए धनराशि एकत्र करना है। विद्यालय के प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ ने कहा, "हमारे देश के सैनिक 24 घंटे सीमाओं पर तैनात रहकर देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनकी बदौलत हम सभी चैन और स्वतंत्रता के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शहीदों का कर्ज चुकाना असंभव है, लेकिन उनके परिवारों का सम्मान और सहायता करना हमारा कर्तव्य है।"इस अवसर पर साहस, वीरता और धैर्य के प्रतीक सैनिकों को नमन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत और कविताएं प्रस्तुत कर अतिथियों को प्रभावित किया।अंत में सभी अतिथियों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में देशभक्ति और सेना के प्रति सम्मान की भावना को जागृत किया।

## विद्यार्थियों ने बड़े ही धूमधाम से गीता जयंती महोत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**



**उत्सव की धूम**

**डॉक्टर श्वेता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को गीता - ज्ञान को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों द्वारा गीता जयंती महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंच संचालन मनस्वी व राशि द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवद्गीता के श्लोक गायन के साथ किया गया।
इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दीं जिनमें नृत्य, गीत, नाटक और गीता के श्लोकों का उच्चारण शामिल रहा। नाटक के माध्यम से बच्चों ने भगवद्गीता के महत्व और जीवन में उसकी उपयोगिता बताई। डॉक्टर श्वेता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को गीता - ज्ञान को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कक्षा सातवीं से ग्यारहवीं तक इंटर हाउस 'बिना आग के व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता व खो-खो प्रतियोगिता हुई। बिना आग के व्यंजन प्रतियोगिता में प्रत्येक सदन के पांच - पांच विद्यार्थी शामिल हुए। बच्चों ने डोनट ,चॉकलेट -ओरियो शेक ,लड्डू , केक और चमचम आदि व्यंजन बनाए निर्णायक मंडल की भूमिका सभी सदनाध्यक्ष ने निभाई। परिणाम इस प्रकार रहा। प्रथम स्थान पर सनफ्लावर हाउस, द्वितीय स्थान पर लोटस व रोज हाउस और डेजी को तो तृतीय स्थान से ही संतुष्ट होना पड़ा। इसके साथ ही जूनियर इंचार्ज पूजाकौर की देखरेख में कक्षा एल के जी में भेलपुरी,यूकेजी में फ्रूट चाट, कक्षा तीसरी में सूप बनाओ एक्टिविटी कराई गई।

## हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, समालखा में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** हरे कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, समालखा में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से बारहवी तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने मनोभावों को चित्रों के माध्यम से चित्रित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति की छटा , स्थिर वस्तु चित्रण, पर्यावरण सुरक्षा, कार्टून , मानव छायाचित्र , पशु-पक्षियों के छायाचित्र , मंडाला कला , पेड़-पौधों से संबंधित छायाचित्र , कन्याभ्रूण हत्या आदि से संबंधित चित्रों को जीवंत रूप प्रदान किया। प्रधानाचार्या पुष्प ठाकुर ने विद्यार्थियों की कला की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्या ने स्वयं भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता कला अध्यापिकाओं रीटा देवी, मनीता मलिक व दीपा रानी के सहयोग से सफल रही। सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया।

## भीख मांगने वाले पांच बच्चों का किया रेस्क्यू

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** गांव जलमाना स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में आज लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान रविंद्र जैन व उनकी टीम द्वारा भारतीय महिला कल्याण समिति की मुख्य संरक्षण का बृज रानी शर्मा द्वारा बच्चियों के कल्याण व उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए लड़कियों को ट्रैकसूट वितरित किए गए। वहीं स्कूल प्राचार्य ज्ञानी राम कौशिक ने ऐसे सामाजिक कल्याण के कार्य करने वाली संस्थाओं की सराहना की तथा यहां पहुंचे संस्थाओं के पदाधिकारियों का स्वागत किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र जैन ने कहा कि समाज में शिक्षा व खेल के महत्व को बढ़ावा देने हेतु वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

## जीवीएम स्कूल मे धूमधाम से मनाया खेल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**



**वंदना**

**बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहां हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए**

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल द्वारा गोल्डन पार्क में खेल दिवस मनाया गया ' इस वार्षिक खेल दिवस में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया इस दौरान मुख्य अतिथि स्कूल निदेशक राधे श्याम जांगड़ा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया' जिसमें सैक रेस ,गोरिल्ला रेस, फ्रॉग रेस लेमन रेस आदि शामिल रही' इसके साथ ही योग के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने का उपदेश दिया गया स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा खेल के महत्व को समझाया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की छात्राओं द्वारा एक नाटक के माध्यम से सोशल मीडिया के लाभ व हानि से अवगत कराया गया ' कक्षा पांचवी मे तान्या प्रथम हिमांशी दूसरा पियूष ने तीसरा स्थान बोल बैलेंसिंग मैं स्थान प्राप्त किया प्रि नर्सरी में अंकित प्रथम ,अरनव दूसरा, हर्षित ने साइकिल रेस में तीसरा स्थान चौथी कक्षा में बैक रेस में प्रथम विकास, दूसरा तीसरा स्थान , कक्षा तीसरी में नैपकिन रेस में वंदना ने पहले शिवांश , दूसरा भास्कर ने तीसरा स्थान कक्षा दूसरी में कंगारू रेस में प्रथम गुंजा, दूसरा तन्वी तीसरा काव्या , कक्षा प्रथम में जंपिंग रेस में पहला नवदीप, दूसरा युवान, तीसरा सुशील ने स्थान प्राप्त किया स्कूल प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहां हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए स्कूल उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी भतृवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे स्टाफ की सराहना' करते हुए धन्यवाद किया।
साथी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शपथ दिलवाई'

## श्रीमदभगवदगीता भारत राष्ट्र का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित हो: कैलाशानंद

**टीम एक्शन इंडिया**



**मांग**

**गीता को आचरण में लाकर अपने व्यक्तित्व को निखारा जा सकता है एवं एक बेहतर मनुष्य बनकर बेहतर जीवन जिया जा सकता है**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीभगवद्गीता वह ग्रंथ है जिसे भारत की राष्ट्रीय पुस्तक के रूप में सबसे अच्छी तरह से वर्णित किया जा सकता है। हजारों वर्षों से लेकर आज तक, गीता भारत की सबसे लोकप्रिय, आम तौर पर पढ़ी जाने वाली, व्यापक रूप से अनुवादित और टिप्पणी की जाने वाली शिक्षा रही है, जो किसी भी प्रतिस्पर्धी ग्रंथ से कहीं आगे है। श्रीभगवद्गीता से समय समय पर भारत की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुषों ने प्रेरणा प्राप्त की है।आज वर्तमान भारत की आवशयकता है की श्रीमदभगवदगीता भारत राष्ट्र का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित हो। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित अठारह दिवसीय कार्यक्रम के चतुर्दश दिवस वर्तमान भारत मे गीता की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित गीता संवाद कार्यक्रम में निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण एवं भारतमाता के चित्र के समक्ष आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज एवं मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। मातृभूमि सेवा मिशन आश्रम परिसर पहुंचने पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज का शंख धवनि एवं पुष्पवर्षा से स्वागत एवं अभिनंदन किया।
आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज वर्तमान भारत में गीता की आवश्यकता, भूमिका एवं महत्व को बिस्तर से वर्णन करते इसे कहा गीता भारत की सभी जटिलताओं, विरोधाभासों, रहस्य और सुंदरता को दशार्ती है, शाश्वत और अनंत की इसकी चिरस्थायी खोज को दशार्ती है, साथ ही सभी स्तरों पर जीवन की प्रचुरता को प्रतिबिंबित करने की इसकी क्षमता को भी दर्शाती है।
गीता को आचरण में लाकर अपने व्यक्तित्व को निखारा जा सकता है एवं एक बेहतर मनुष्य बनकर बेहतर जीवन जिया जा सकता है। आज भारत के लोग पश्चिम संस्कृति एवं सभ्यता के चकाचौंध में राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने सामाजिक दायित्व से भटक रहे है।

## विद्यार्थियों ने खेलों एवम अन्य गतिविधियों में दिखाए अद्भुत कौशल

**टीम एक्शन इंडिया**



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** **डीपीएस** पानीपत सिटी में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्टोपिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसका उद्देश्य छात्रों में खेल गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों को विकसित करना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना था इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया, कॉर्डिनेटर आभा विषाद एवं पूनम नेगी, अध्यापक गण, अभिभावक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे सर्वप्रथम अभिभावकों के विद्यालय में पधारने पर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं कई खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हुनर का अद्भुत प्रदर्शन किया। एक ओर कक्षा चौथी एवम पांचवीं के विद्यार्थियों ने बड़ी सरलता से पिरामिड बनाकर एवं सूर्य नमस्कार आदि कई योग क्रियाओं के द्वारा सभी को आश्चर्यचकित कर दिया तो दूसरी ओर रोलर स्केटिंग द्वारा रोल बोलिंग आदि अनेक करतब दिखाए। वहीं कक्षा प्री नर्सरी से तीसरी कक्षा के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियो ने क्रिकेट में अपना अद्भुत प्रदर्शन किया।

# गीता में समस्या का कारण एवं निवारण दोनों समाहित: स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिओ गीता के** प्रणेता व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता में समस्या का कारण एवं निवारण दोनों समाहित है। व्यक्ति जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ना है उसके लिए एकाग्रता परमावश्यक है तथा यह एकाग्रता श्रीमद्भगवद् गीता के अध्ययन से प्राप्त होती है। वे शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा सरकार के सहयोग से श्रीमद्भगवद् गीता आधारित संतुलित प्रकृति - शुद्ध पर्यावरण विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समारोप सत्र के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे । इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गीता पर आधारित पढ़े गए शोध पत्रो, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज के विजेताओं को सभी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि शिक्षार्थी, शिक्षक, चिकित्सक, सभी के लिए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भिन्न-भिन्न विषयों पर हुआ चिंतन भगवद् गीता के वास्तविक तत्वों को सामने लाएगा। गीता सागर की तरह है इसमें डुबकी लगाकर हम गीता की महत्ता को समझ सकते हैं। शिक्षक, शिक्षाथी, चिकित्सक, रोगी, विरक्त, वानप्रस्थ सभी के लिए वात्सल्यमय गीता समाधान के रूप में कार्य करती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार तीन राज्यों के राज्यपाल अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गीता से त्याग का भाव जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है क्योंकि त्याग की भावना से ही मानव जीवन की सभी समस्याएं हल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि गीता से ही लिए गए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ध्येय वाक्य में भी योग स्थित होकर अपने कर्तव्यों के निर्वहन की बात कही गई है।

यह एक संयोग है कि गीता में 700 श्लोक हैं वहीं तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 700 शोध प्रस्तुत किए गए हैं। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास एवं वस्तुओं का संयमित उपभोग करने की आवश्यकता है।



# किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहा है केजरीवाल: नवीन

**टीम एक्शन इडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**

सात साल पहले नवीन जयहिन्द ने भाईचारे के साथ व नशे के खिलाफ हरिद्वार से रोहतक कांवड़ यात्रा निकाली थी, जिस दौरान उन पर राजनीतिक रूप से केस किया गया। उसी केस मामले में शनिवार 7 दिसंबर को नवीन जयहिन्द व उनके साथी पानीपत कोर्ट में माननीय जज याचना की अदालत में तारीख पर पहुंचे। जज साहिबा द्वारा अगली तारीख फरवरी 2025 में दी गई। जयहिंद बताते है कि उन पर आंदोलनों के दर्जनों केस चल रहे है जिसमें से गौमाता के चारे के लिए खूंटा गाड़ अभियान के तहत मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री के घर के बाहर गाय बांधने वाले केस में कुछ दिनों पहले ही रोहतक कोर्ट से बरी हुआ हूं। पानीपत पहुंचें पर जयहिन्द को पता चला कि दो दिनों बाद प्रधानमंत्री भी महिलाओं को बड़ी सौगात देने पानीपत पहुंच रहे है। जयहिंद ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि पीएम मोदी जी महिलाओं को नए साल पर 2100 रुपए का गिफ्ट देंगे तो अच्छा होगा। जयहिंद ने कहा कि पानीपत से विधायक महिपाल ढांडा प्रदेश के शिक्षा मंत्री है उनकी भी जिम्मेवारी बनती है कि वे पानीपत में जनता दरबार लगाए ओर उनकी समस्याओं का समाधान करे, साथ ही जयहिंद ने शिक्षा मंत्री से अपील करते हुए कहा कि उनको अपने व अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाना चाहिए।



## न्यूज फ्लैश

### काम करते करते अचानक से चली गई जान



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**शनिवार के दिन समय करीब** साढ़े 11 बजे पावर हाउस खरखौदा यानी हरियाणा विधुत प्रसारण निगम लिमिटेड के 132 के वी के सब स्टेशन खरखौदा के पास 11के वी भबानी पिग्मेंट के फीडर पर इफरान अली पुत्र मंजूर अली, वासी गाँव ओडरा खीरी, तहसील मबहोमडी, यूपी उम्र करीब 35 वर्ष युवक हाल फिलहाल दिल्ली रोड खरखौदा काम कर रहा था। वह बिजली ठेकेदार संदीप निवासी चौलका के पास पिछले करीब 4 महीने से काम कर रहा था, संदीप ठेकदार का कहना है कि उन्होंने लाइन काट कर काम करने का परमिट लिया हुआ था, बिजली काटने के बाद 3 युवक लेबर रूप में खंभो पर चढ़ कर काम करने की कार्रवाई शुरू की गई। जिन्हें एक घंटे से ज्यादा काम करते हो गया था। उसी दौरान किसी फैक्ट्री के जरनेटर से लाइट वापिस आ गई, जो खंबा पर इफरान उपरोक्त चढ़ा हुआ था। उसे करंट लगा, और मोके पर ही करंट लगने से उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना डायल 112 नम्बर पर दी गई , खरखौदा पुलिस मौके पर पहुँची और साथ मे ही एफ एस एल की टीम भी पहुँची और शव को करीब 4 घंटे बाद बिजली के खंबो से नीचे हाइड्रा की मदद से उतारा गया। जिसे उपरोक्त टीम द्वारा जाँच करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं। वही मिली जानकारी के अनुसार उस दौरान 2 युवक रमेश और लवकांत भी वही काम कर रहे थे। जोकि सुरक्षित हैं।

### इसुजू आई केयर विंटर कैंप 9 दिसंबर से होगा शुरू

**हिसार: इसुजू** मोटर्स इंडिया 9 से 14 दिसंबर तक अपने इसुजू केयर अभियान के तहत देश भर में इसुजू आई केयर विंटर कैम्प चलाएगा जिसमें इसुजू डी-मैक्स पिकअप और एसयूवी मालिक इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। यह देश व्यापी अभियान है जिसमें इसुजू मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जांच प्रदान करवाई जा रही है। यह कैंप सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स में लगाया जायेगा। इन कैंप्स में ग्राहकों को निशुल्क 37 प्वाईंट विस्तृत जांच के साथ साथ लेबर, पार्ट्स, ल्यूब और फिल्यूड तथा आरएसए खरीद पर छूट दी जा रही है। यह लाभ बीएस 6 वाहनों पर मान्य है। यह कैंप हिसार सहित देश भर के सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स में लगाया जा रहा है।

### 61 कैवेलरी ने जीता महाराजा रणजीत सिंह नेशनल पोलो टूर्नामेंट, नेवी को 4-1 से हराया

**चंडीगढ़: 61 कै**वेलरी ने इंडियन पोलो ऐसोसियेशन द्वारा पोलो सीजन के अंतर्गत आयोजित किया महाराजा रणजीत सिंह नैश्नल पोलो टूनामेंट जीत लिया है। शनिवार को चंडीगढ़ पोलो कल्ब में आयोजन के सातवें दिन हुये फाईनल मैच में 61 कैवेलरी ने इंडियन नेवी को एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-1 से हराकर खिताब पर काबिज हुये। ध्रुव पाल गोदारा ने दूसरे ही मिनट में कैप्टन एपी सिंह द्वारा दिये एक बेहतरीन पास की बदौलत इंडियन नेवी को एक गोल की बढ़त दिलाई जिसके बाद पहला चक्कर (राउंड) 1-0 पर छूटा। दूसरे राउंड में मेजर अनंत राज पुरोहित ने पहले की मिनट में गोल कर स्कोर को 1-1 की बराबरी की। इंडियन नेवी इस राउंड में मिली 25 गज की पेनल्टी का लाभ नहीं उठा पाई राउंड के अंतिम क्षणों में लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल चौहान ने अन्य राईडर्स को छकाते हुये गोल कर मैच में पहली बार बढ़त हासिल की। तीसरा राउंड 2-1 की स्कोरलाईन के साथ समाप्त हुआ। चौथा और अंतिम निर्णायक राउंड में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जिसमे दोनों टीमे अटैकिंग मोड में नजर आई। मैच के अंतिम डेढ़ मिनट में 25 गज की दूरी से विशाल चौहान के दागे गोल पर टीम ने दो अंक हासिल किये और टीम ने अपनी जीत 4-1 से सुनिश्चित की। लेफ्टिनेंट मेजर मनोज कुमार कटियार, जीओसी-ईन-सी, वैस्टर्न कमांड ने मेजबान चंडीगढ़ पोलो कल्ब के अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह सिद्धू और सचिव कर्नल मनोज दीवान की मौजूदगी में विजेता और उपविजेता सहित अन्य टीमों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में सिद्धू ने बताया कि इस सीजन की पहली मेजबान का सफल आयोजन हुआ जिसमें शहर और इस रिजन में पोलो को नया उत्साह मिला है।

# वीवीआईपी आगमन को लेकर अभेद किले में तब्दील जिला कुरुक्षेत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरूक्षेत्र में** दिनांक 08 दिसम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित काफी संख्या में वीआईपी को लेकर जिला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश-विदेश से लाखों पर्यटक के पहुंचते हैं इसके साथ-साथ दिनांक 08 दिसम्बर 2024 को महामहिम उपराष्ट्रपति शिरकत करेंगें। वीवीआईपी आगमन के मध्यनजर रखते हुए ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डायवर्ट प्लान तैयार किया गया है। जानकारी देते हुए श्री वरुण सिंगला ने बताया कि 8 दिसम्बर को ब्रह्मसरोवर एरिया में आमजन के लिए गाड़ियों प्रतिबंध रहेगा ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र शहर में आने वाले सभी मार्गो पर नाके लगाये गये हैं जो यातायात वयवस्था को संभालेंगे। कुरुक्षेत्र शहर में ब्रह्मसरोवर एरिया में आमजन की गाड़ियों को कुछ घंटो के लिए बन्द किया गया है। दिनांक 08 दिसम्बर 2024 को केडीबी रोड (2/3 सेक्टर कट जीटी रोड से ब्रह्मसरोवर तक) वीवीआईपी आगमन के चलते के आमजन के लिए बन्द किया गया है। ब्रह्मसरोवर से करीब दो किलोमीटर दूर तक चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मी निगरानी व सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। जिसमें क्यूआरटी, क्यूआरटी टीमें विशेष रूप से शामिल होंगे। इसके अलावा पुलिस विभाग के कर्मचारी व अधिकारी सादे कपड़ो में आने- जाने वालो लोंगों पर अपनी पैनी नजर बनाये हुए है । जिला कुरुक्षेत्र से जुड़ने वाले सभी संपर्क मार्गों को मध्यरात्री से सील कर दिया जाएगा। हर एंट्री प्वाइंट पर भारी संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। ब्रह्मसरोवर के अंदर भी बहु स्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा।



**इन रुटों पर रहेगा यातायात पर प्रतिबंध**

वीवीआईपी आगमन को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है ।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित चोर काबू कर भेजा जेल

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**जिले के क्राइम यूनिट** खरखौदा की पुलिस टीम नें मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अरविन्द निवासी गाँव रिढाऊ जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 5 दिसम्बर को रोनक निवासी गाँव झरोठ जिला सोनीपत नें थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि वह बाइक खड़ी करके लाइब्रेरी में पढ़ रहा था। उसने यह बाइक अपने रिश्तेदार निद्रेश जोकि नया गाँव (बहादुरगढ़) का निवासी है। उससे चलाने के लिए ले रखी थी। यह बाईक मैवरिक लाइब्रेरी के पास किगं गैस्ट हाऊस के सामने खड़ी थी जो बस स्टैंड के सामने के सामने वाली गली में है वहाँ से किसी नामपता नामालूम व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। चोरी की शिकायत पर खरखौदा पुलिस स्टेशन में मुकदमा दर्ज किया गया। अब उसी मामले में कार्रवाई करते हुए खरखौदा क्राइम यूनिट की जाँचकर्ता टीम में नियुक्त हैड कांस्टेबल राजेश नें अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त एक आरोपी अरविन्द निवासी गाँव रिढाऊ जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से घटना में चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

# विदेश भेजने के नाम पर दंपत्ति से ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में विदेश** भेजने का सपना दिखाकर एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठगने का मामला सामने आया है। विदेश भेजने के के लिए आरोपियों ने 27 लाख रुपए की डिमांड की थी, जिसमें से 18 लाख से ज्यादा की पेमेंट आरोपियों को दी गई। युवक की पत्नी का तो वीजा आ गया, लेकिन पीड़ित युवक का वीजा नहीं आया। काम पूरा न होने पर पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। नीलोखेड़ी क्षेत्र के डाबरथला निवासी अमन कुमार ने बताया कि उसका भाई पोलैंड में काम करता है। वहीं पर अमनदीप नामक व्यक्ति ने उसके भाई से संपर्क किया और कहा कि वह अमन और उसकी पत्नी भावना को कनाडा में स्टडी वीजा दिलवा सकता है। अमनदीप ने इस काम के लिए 27 लाख रुपए की मांग की और कहा कि पैसे उसकी पत्नी बबनदीप के खाते में जमा करवा दें। अमन कुमार ने बताया कि उसने नवंबर 2023 से फरवरी 2024 के बीच अलग-अलग किश्तों में कुल 18 लाख 1 हजार 142 रुपए दिए। इसमें से 8.55 लाख रुपए शिखा शर्मा के खाते में जमा करवाए गए। इसके अलावा 6.29 लाख रुपए आरटीएस के माध्यम से और 21 हजार रुपए एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर किए।

# तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक चालक व महिला की दर्दनाक मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: गुमड़ रोड पर** एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक चालक व उस पर सवार एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद डंपर चालक डंपर सहित मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद गन्नौर थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल में भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार झज्जर के सिलानी गांव का रहने वाले 40 वर्षीय कुलदीप की बड़ी गांव में परचून की दुकान है। कुलदीप शुक्रवार को अपनी बाइक पर शेखपुरा स्थित अपने भांजे पुनीत के घर जा रहा था। जब वह बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास गुमड़ रोड पर पहुंचा तो वहां तेवड़ी गांव की रहने वाली 51 वर्षीय कमलेश ने उससे लिफ्ट मांग ली। उसने कमलेश को अपनी बाइक पर बैठा लिया और गांव की तरफ चल पड़ा। जब वह गुमड़ गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डंपर का चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में कुलदीप व कमलेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद गन्नौर थाना से एएसआई अजमेर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई में भेज दिया। एएसआई अजमेर ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही डंपर चालक का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**तीन बच्चों की मां थी कमलेश**

मृतक कमलेश की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद परिवार सदमे में है। कमलेश के पति ऋषिपाल आटो चला कर परिवार का गुजारा करते हैं। छह महीने पहले ही कमलेश ने अपनी बड़ी बेटी के हाथ पीले किए थे।

# युवक का रास्ता रोक किया चाकू से हमला

**गन्नौर। उदेशीपुर गांव** जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात हमलावर ने चाकू मार कर घायल कर दिया। स्वजन ने घायल को सोनीपत के नागरिक अस्पताल में दाखिला कराया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास राठी गांव के विकास ने बताया कि वह शुक्रवार को बाइक पर अपने गांव से उदेशीपुर की तरफ जा रहा था। जब वह कुछ दूर पहुंचा तो एक व्यक्ति ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू विकास के पैर पर लगा। जिस कारण वह घायल हो कर सड़क पर गिर गया। इसके बाद हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

# जिन्दल फाउंडेशन जुटा जन कल्याण के कार्यों में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नवीन जिन्दल** फाउंडेशन के प्रयासों से, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं व अन्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एक नये अभियान नवीन संकल्प शिविरों की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत, गांवों में पेंशन , आधार, परिवार पहचान पत्र संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ-साथ गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) चलाई जा रही हैं, जो ग्रामीणों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रही है। सांसद नवीन जिन्दल के कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से चलाए जा रहे नवीन संकल्प शिविरों का उद्देश्य है कि लोगों को पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र स संबंधित सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ साथ, सामान्य बीमारियों, प्राथमिक चिकित्सा, महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इस अभियान के तहत, नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य, विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्सें और चिकित्सा कर्मचारी गांवों में पहुंचकर मुफ्त चिकित्सा परामर्श, दवाइयां और स्वास्थ्य जांच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी अच्छे स्वास्थ्य की सुविधाओं का लाभ उठा सकें। मोबाइल मेडिकल यूनिट एक ऐसा कदम है जिससे नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाया जा रहा है । मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा आयोजित आज थानेसर हल्के के बीड़ अमीन और ईशाकपुर गांव के कैंपों में 103 मरीजों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गई साथ ही 10 मरीजों के रक्त और यूरिन टेस्ट भी किए गए। इन्हीं गांवों में 55 लोगों को पेंशन, आधार और परिवार पहचान पत्र संबंधित सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई।



# गीत व संगीत करता है सब प्रकार चिंताएं व दुख दर्द दूर : किरन चड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। चाहत कराओके** एकेडमी द्वारा कल रविवार 8 दिसंबर को दोपहर 2 बजे स्थानीय अटल पार्क में म्यूजिक का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कोई भी प्रतिभागी अपनी गीत संगीत एवं डांस की निशुल्क प्रस्तुति का प्रदर्शन कर सकता है। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चाहत कराओके एकेडमी द्वारा मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक विनोद वर्मा ने बताया कि चाहत कराओके एकेडमी का मुख्य उद्देश्य उभरते कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच पर प्रस्तुति देना है। चाहत कराओके एकेडमी की टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने कहा कि संगीत में व्यक्ति को भावनात्मक और मानसिक रूप से स्वस्थ करने के बहुत अच्छे गुण होते हैं। संगीत ध्यान का एक रूप है।

उन्होंने कहा कि संगीत बनाते या सुनते समय व्यक्ति अपनी सारी चिंताएँ, दुख और दर्द भूल जाता है। लेकिन अच्छे संगीत की सराहना करने के लिए हमें अपने संगीत के स्वाद को विकसित करने की आवश्यकता है। कोई गीत गाने के बाद हमें राहत महसूस होगी, मन को अच्छा लगेगा।

# डॉ.अंबेडकर फार्मेसी कॉलेज में होगा प्रथम वर्ष निशुल्क दाखिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र: संविधान के सम्मान** में 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा आयोजित संविधान स्वाभिमान वर्ष "मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान" मे अपनी भागीदारी करते हुए नजदीकी गांव मथाना में स्थित डॉ आंबेडकर फामेर्सी कॉलेज अपनी प्रथम वर्ष की 50 प्रतिशत सीटों पर निशुल्क दाखिला करेगा। गत सप्ताह से इसकी जानकारी मिलने से डी फामेर्सी करने वाले छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह है यह जानकारी देते हुए डॉ. अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज के चेयरमैन एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने बताया की प्रबंधन कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया है जिसमें 12 वीं कक्षा (साइंस श्रेणी) से पास डी. फार्मा की सीटों पर होगा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्गों तथा अन्य गरीब वर्गों छात्र एवं छात्राओं को निशुल्क प्रथम वर्ष का दाखिला 50 प्रतिशत सीटो पर 'पहले आओ - पहले पाओ' की स्थिति में दिया जाएगा। संस्थान में आवेदन करने की अंतिम तिथि प्रबंधकीय कमेटी द्वारा हेल्पलाइन 98712-74028 के माध्यम से 10 दिसंबर 2024 तय की गई है। उल्लेखनीय है की हरियाणा सरकार के नियम अनुसार फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त संस्थानों में फामेर्सी के डी. फार्मा का कोर्स 2 वर्ष तथा बी. फार्मा का कोर्स 3 वर्ष का होता है।



# निवारण एवं नियंत्रण: एचआईवी पर लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला कारागार सोनीपत** मे जिला विधिक सेवाए प्राधिकरण सोनीपत के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव प्रचेता सिंह के निर्देशानुसार परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही कार्यक्रम -एच आई वी एड्स के निवारण एवं नियंत्रण पर जागरूकता पखवाड़े मे नागरिक हस्पताल सोनीपत के सयुंक्त तत्वाधान मे आयोजित किया गया ' जिसमे मुख्य वक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लीगल ऐड काउंसल अधिवक्ता शिव प्रशाद शर्मा व कानूनी सेवक नेशनल अवार्डई दीपक कुमार मंथन और नागरिक हस्पताल से मेडिकल ऑफिसर डॉ गरिमा त्रिपाठी, डॉ निशा राणा, डॉ सन्नी ओहलान रहे ' मंच का संचालन एच आई वी काउंसलर सरोज छिकारा ने किया ' मुख्य वक्ता लीगल ऐड कॉउंसल अधिवक्ता शिव प्रशाद शर्मा ने बताया कि परिवार एवं स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा संचालित कार्यक्रम के अधीन कार्यक्रम पांचवे चरण मे प्रवेश कर चुके है जिनका लक्ष्य 2030 तक एड्स जैसी घातक बीमारी को पूर्णतया समाप्त करने का प्रयास है ' एच आई वी एड्स निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 2017 के संबंधित विभाग मे नियुक्त लोकपाल को अधिकार है कि शिकायत मिलने पर जाँच उपरांत तीस दिन मे शिकायत का निपटान किया जा सके और आपात कालीन परिस्थिति मे चौबीस घंटे के अंतर्गत भी आदेश देकर पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलवाने के लिए संबंधित थाने मे प्रथम सूचना दर्ज करवाए जाने का प्रावधान है ' जिसका वर्णन अधिनियम के भाग 10 कि धारा 23 से 28 मे विस्तृत वर्णन किया गया है ' अधिनियम 2017 के भाग 2 कि धारा 4 के अंतर्गत पीड़ित के विरुद्ध किये गए कार्यों के होने पर भाग 13 के अंतर्गत धारा 37 मे एच आई वी एड्स पीड़ित व्यक्ति से

पक्षपात करने की शिकायत मिलने पर और आरोप साबित होने पर आरोपी को तीन महीने से दो वर्ष की कारावास और एक लाख जुमार्ने से संबंधित फर्स्ट क्लास मैजिस्ट्रेट द्वारा दंडित किया जायेगा ' विशेष तौर पर 12 से 18 वर्ष के पीड़ित युवा को शिक्षा प्राप्त करने का अपनी देखरेख व बचाव करना इलाज करवाना अपनी सम्पति का प्रबंध करना और अन्य सभी अधिकार जो अपने स्वस्थ जीवन को जीने के लिए भारतीय सविधान मे निहित है मिलते है ' एच आई वी एड्स पीड़ित अपनी सम्पति कि देखरेख अपने पारिवारिक या विश्वासपात्र को सोपने का अधिकार है ' स्वास्थ्य के संबंध मे इलाज करवाने का अधिकार सभी सरकारी हस्पतालो मे निशुल्क दिया जाता है।






# नरेला: धूमधाम से मनाया गया हाजी अब्बास अली का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली की प्रमुख सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था नरेला विकास संगठन ने अपने संस्था के चैयरमैन हाजी अब्बास अली का जन्मदिन नरेला के रेलवे रोड़ स्थित भाई जी रसोई में बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर नरेला विकास संगठन के पदाधिकारियों ने केक कटवाकर फूल मालाओं व सुंदर उपहार देकर हाजी अब्बास अली को जन्मदिन की बधाई दी व उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। हाजी अब्बास अली क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी होने के साथ निजी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर भी है। जन्मदिन के अवसर पर उनके आवास और स्कूल में राजनीतिक नेताओं से लेकर कई सामाजिक संस्थाओं एवमं सरकारी अधिकारियों का सुबह से ही हाजी अब्बास अली को जन्मदिन की बधाई देने के लिए तांता लग गया। अब्बास अली के जन्मदिन के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें नरेला विधायक शरद चौहान, होलंबी वार्ड से पार्षद नेहा मिश्रा सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अपना जन्मदिन मना रहे हाजी अब्बास अली ने बताया कि आज सैकड़ों की संख्या में मिले बधाई संदेशों से मुझ में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। मैं सभी लोगों का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। कार्यक्रम में नूतन दास अरोड़ा, लियाकत अली, डॉ. राजेंद्र सिंह, श्रीनिवास वर्मा, डॉ रजनीश गुप्ता, पूर्व पार्षद सविता खत्री, समाजसेवी नरेश खत्री, डॉ. रजनीश गुप्ता, श्रीनिवास वर्मा, सतबीर राणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'ज्वालापुरी निर्माणाधीन अस्पताल का नाम होगा संत दुर्बल नाथ महाराज'





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पश्चिमी दिल्ली** के अंतगर्त आने वाले नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर-45 ज्वालापुरी में बनाएं जाने वाले सरकारी अस्पताल को लेकर पहले काफी असमंजस चल रहीं थी। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री रधुविंद्र शौकिन व निगम पार्षद संतोष पप्पू छिलवाल के नेतृत्व में एस.ई.संस्था के पदाधिकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी से मिले। इस दौरान के.एस.ई. संस्था के प्रधान विजय बड़गुजर, राजस्थान प्रभारी दयाराम बडसीवाल, पी.वी.सी. मार्किट से मामराज बडगुजर, शिव चरण बडगुजर, समाज सेवी मगन कंवलवाल, ज्वाला ज्वालापुरी से पूर्व प्रधान आरडब्ल्यूए व पूर्व प्रधान प्राचीन मन्दिर, रामप्रताप बसवाला और बागोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के सामने ज्वाला पुरी में निर्माणधीन हॉस्पिटल का नाम संत दुर्बल नाथ जी महाराज रखने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए कहा कि इस निर्माणधीन अस्पताल का जब उद्घाटन होगा तो इसका नाम संत दुर्बल नाथ महाराज अस्पताल ही रखा जाएगा। क्षेत्रीय विधायक रधुविंद्र शौकिन ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा ही दिल्ली के लोगों के हितों को देखते हुए काम किए है और आप सरकार सभी समाज को साथ लेकर चलने व उनका सम्मान करती है, जिसको देखते हुए सीएम अतिशी ने अस्पताल का नाम संत दुर्बल नाथ महाराज रखने के प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी दी है। इस दौरान निगम पार्षद पप्पू छिलवाल ने कहा कि क्षेत्र में खटिक समाज के लोग बहुत रहते है और उनकी आस्था का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री अतिशी ने प्रस्ताव को तुरंत मंजूरी भी दे दी है, अब जल्द ही अस्पताल का काम पूरा होने वाला है और इसका नाम संत दुर्बल नाथ महाराज रखकर उद्घाटन किया जाएगा।

# महेंदू एन्कलेव को अधिकृत करने की मांग को लेकर असड़ी ने एलजी को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता हरीश असड़ी ने मॉडल टाउन क्षेत्र स्थित महेंद्रू एन्क्लेव कॉलोनी को नियमित किये जाने की मांग को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। असडी ने पत्र में मॉडल टाउन विधानसभा में वर्ष 1975 में बसी कॉलोनी महेंद्रू एन्क्लेव को नियमित किये जाने की मांग की है। असड़ी ने पत्र में लिखा कि मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र की मशहूर कॉलोनी को बसाने में पहले तो नगर निगम, पुलिस और नेताओं ने पूरा सहयोग दिया।

**कॉलोनी को नियमित किए जाने की मांग की:** भाजपा नेता हरीश असड़ी ने एलजी को पत्र लिखकर महेंद्रू एन्क्लेव कॉलोनी को नियमित किए जाने की मांग की है। असडी ने कहा कि कॉलोनी का पास न होना यहां के लोगों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है। उन्होंने कहा की यहां पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य करना गैरकानूनी है अगर कोई निर्माण कार्य करें तो विभाग द्वारा नोटिसों के चलते स्थानीय निवासियों में भय व्याप्त है और लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। इस कॉलोनी में बिजली, पानी, हाउस टैक्स, सीवर आदि की व्यवस्थाएं उपलब्ध है और इस कॉलोनी में 95 प्रतिशत मकान भी बन चुके हैं।

**सरकार को भी मिलेगा राजस्व:** अगर कॉलोनी पास होगी तो घरों की रजिस्ट्री भी खुलेगी जिससे सीधे तौर पर संबंधित विभाग को भी राजस्व भी मिलेगा।

# सत्ता में आने पर सभी अनुबंधित और गेस्ट टीचरों को किया जायेगा स्थाई: देवेन्द्र यादव





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली न्याय यात्रा के आखिरी 30वें दिन आज बवाना विधानसभा में कृष्ण विहार, राठी काम्पलेक्स से शुरू हुई और रिठाला विधानसभा की सैनी चौपाल नाहरपुर गांव में समाप्त हुई। झंडा फहराने के बाद दिल्ली न्याय यात्रा के दौरान देवेन्द्र यादव ने कहा कि हजारों की संख्या में लोगों से मिलने के बाद मैंने महसूस किया है कि आज दिल्ली बदलाव के मूड में है और यह बदलाव कांग्रेस योद्धाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं अपनी एकजुटता, मजबूती और कड़ी मेहनत के बाद ही ला सकते है क्योंकि नामुमकिन कुछ भी नहीं है। जनता में बदलाव की चाहत और जनता के सहयोग और समर्थन के साथ निश्चित ही 2025 में कांग्रेस की सरकार होगी। दिल्ली न्याय यात्रा के अंतिम 30वें दिन 7 सितंबर, 2024 को बवाना विधानसभा के कृष्ण विहार, राठी काम्पलेक्स, मेरठ डेयरी, सोम बाजार चौक, राठी मार्केट, मन्नू हाइपर मार्केट, कृष्ण विहार, संतोषी माता मंदिर, आरडी पब्लिक स्कूल पूठ कालान, रोहिणी सेक्ट 20 रोड़, जैन मंदिर, गोदावरी अस्पताल, बीकानेर स्वीटस सेक्टर 21 रोहिणी, सिटी वाटिका 100 फुटा रोड सेक्टर 20 रोहिणी, रिठाला विधानसभा में आर्टस क्लब बुद्ध विहार, फेस और 2, रिठाला गांव, सेक्टर 5, 6 मोड़, विद्या जैन पब्लिक स्कूल रोहिणी विधानसभा में जी ब्लाक सेक्टर 7 पोस्ट आफिस रोड़ सेक्टर 7, नाहरपुर गांव से निकल कर सैनी चौपाल नाहरपुर गांव में खत्म हुई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा खत्म होने के बाद मैं विश्वास से कह सकता हूं कि दिल्ली की जनता का रुझान कांग्रेस के प्रति हो गया है, जिसको फरवरी 2025 में विधानसभा चुनावों में हमें निश्चित ही जनता के समर्थन से जीत मिलेगी। न्याय योद्धाओं ने जनता के दर्द, पीड़ा और परेशानियों को सुना है। यात्रा के प्रति मैंने लोगों की आंखों में प्यार, समर्थन और आशीर्वाद देखा है। उन्होंने आगे बढ़कर अपनी पीड़ा और परेशानी को साझा किया है। उन्होंने कहा कि जिस पर विश्वास होता है, दुखी व्यक्ति उसी के साथ अपना दर्द साझा करता है।

# दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यालय में किया गया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डॉ अलका गुर्जर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री और चुनाव संयोजक हर्ष मल्होत्रा सहित सभी सांसदों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज प्रदेश कार्यालय में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपनी पत्नी प्रियंका सचदेवा एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ आज चुनाव कार्यालय का औपचारिक पूजन किया। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, बांसुरी स्वराज एवं प्रवीण खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, संगठन महामंत्री पवन राणा, राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन एवं मीनाक्षी लेखी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल एवं सतीश उपाध्याय, विधायक अजय महावर, मोहन सिंह बिष्ट, एन.डी.एम.सी. सदस्य दिनेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में बड़े-बड़े आश्वासन देने के बावजूद केजरीवाल सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। इन मुद्दों में प्रदूषण की रोकथाम, आधारभूत सुविधाओं में सुधार की कमी और किए गए वायदे शामिल हैं।

## वैन को हरी झंडी दिखाकर भाजपा के प्रदेश कार्यालय से किया गया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज दिल्ली के सभी 14 संगठनात्मक जिलों के लिए 14 संकल्प पत्र वैन को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश कार्यालय से रवाना किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, कमलजीत सहरावत, योगेन्द्र चंदोलिया, बांसुरी स्वाराज मौजूद रहे।

# सभी को निर्धन तबके की मदद के लिए आगे आना चाहिए: सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा नेत्री व शालीमार बाग की समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की मदद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहती हूं कि सभी गरीब व निर्धन तबके की मदद करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं हमें छाया, फल और फूल सहित कई प्रकार की औषाधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें। समाजसेविका ज्योति सैनी ने आगे बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसलिए मैं सभी अभिभावको से कहना चाहता हूं कि सभी अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और महापुरूषों से अवगत कराये, जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति से पूर्ण रूप से अवगत हो सके।

# 22 दिसंबर को मंगोलपुर कला गांव में होगी महापंचायत: चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के चारों तरफ किसानों** की घेराबंदी के बीच अब दिल्ली के किसानों ने भी सरकार को चेतावनी दी है। शनिवार को द्वारका के पोचनपुर गांव में दिल्ली के किसानों ने एक बड़ा ऐलान किया कि आगामी 22 दिसंबर को मंगोलपुर कला गाँव में महापंचायत रखी जायेगी।

गाँव देहात बचाओ यात्रा आज पोचनपुर गाँव पहुँची। यह यात्रा अभी तक 300 से ज्यादा गाँव में जा चुकी है। सभी गाँव में सर्वसम्मति से ग्रामीण आगामी चुनाव के बहिष्कार का फैसला ले रहे। पंचायत को संबोधित करते हुए चौ सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि पिछले दो महीने से दिल्ली के ग्रामीण लगातार चुनाव का बहिष्कार का फैसला सभी गांवों के लोग ले चुके हैं, लेकिन सरकारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही अब आगामी 22 दिसंबर को दिल्ली के सभी ग्रामीण एकजुट होकर आगे की रणनीति बनाएंगे। वह कुछ कठोर निर्णय इस महापंचायत में लिए जाएंगे।

ये दिल्ली के वो 360 गाँव है जिनकी जमीनों पर ये दिल्ली बसी है। आज इन गाँवो के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इन गाँवो कि कोई सुनवाई करने वाला नहीं है, अब इससे ज्यादा और सहन दिल्ली के लोग नहीं करेंगे और दिल्ली की सरकारों को मुँह तोड़ जवाब आने वाले चुनाव में दिया जाएगा।

# हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा: सीएम




**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है। मुख्यमंत्री शनिवार को यहां उमरहा चौबेपुर स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में लाखों लोगों की भागीदारी के बावजूद धाम की सुचारू व्यवस्था की मुख्यमंत्री ने जमकर तारीफ की।

आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है। उन्होंने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश एवं समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की तुलना में 2014 के बाद से 100 गुना बेहतर काशी की कनेक्टिविटी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र को 10 वर्ष में चमका दिया है। अब काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट (नमो घाट) है। यहां हैलीपेड भी है। यहां बड़े-बड़े कार्यक्रम हो सकते हैं। काशी के घाट अब नए भव्य स्वरूप में देखने को मिलते हैं। काशी के देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। अब काशी से हल्दिया के बीच में जलमार्ग का उपयोग कर यात्रा को बढ़ा सकते हैं। यह क्षेत्र भी अब तीर्थ के रूप में विकसित हो गया है। स्वास्थ्य हो या शिक्षा, विकास के विभिन्न पक्षों को लेकर काशी आज चमक रही है और काशी के साथ पूरा उत्तर प्रदेश नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 18 दिसंबर 2023 को इस समारोह का शुभारंभ किया था। शताब्दी महोत्सव के अवसर पर उन्होंने स्वर्वेद महामंदिर का भव्य उद्घाटन भी करते हुए विहंगम योग संत समाज एवं स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की थी। वर्ष 2021 में भी मोदी के सानिध्य में इस पूरे कार्यक्रम में हमें सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ था।

# एक्सप्रेस वे पर भिड़ीं दो कारें, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**उन्नाव: बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र** के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ़्तार कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तभी पीछे से आ रही एक और कार तेज दुर्घटनाग्रस्त कार से जा भिड़ी, जिससे पहले दुर्घटनाग्रस्त कार के चालक सहित दो कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे से टक्कर मारने वाली कार का चालक भी घायल हो गया। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने तीनों घायलों को एंबुलेंस से बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक कार के चालक को मृत घोषित कर दिया और कार सवार एक घायल को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कन्नौज के दरियापुर पट्टी पैंदाबाद निवासी चालक आनंद कुमार 30 वर्ष पुत्र सुखवासी कार से किसी प्रवासी भारतीय कामगार को एयरपोर्ट लखनऊ छोड़ने गया था। एयरपोर्ट पर छोड़कर वह अपने साथी संतराम दिवाकर निवासी आलमगीर गंज थाना कोतवाली कन्नौज के साथ वापस घर लौट रहा था। तभी रास्ते में शुक्रवार को देर रात कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में लखनऊ -आगरा एक्सप्रेसवे पर गांव रघुराम पुर के निकट अचानक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही दूसरी कार भी दुर्घटनाग्रस्त कार से आ टकराई। हादसा होते ही दोनों कार के सवार दर्द से कराहने लगे । मार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने क्षतिग्रस्त दोनों कारों से घायलों को बाहर निकाला और उन्हें बांगरमऊ के सरकारी अस्पताल लाए,जहां डाक्टरों ने चालक आनंद कुमार को मृत घोषित कर दिया और घायल कार सवार संतराम को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि पीछे से टक्कर मारने वाली क्षतिग्रस्त कार चालक अभिषेक चौधरी 36 वर्ष पुत्र कोमल सिंह निवासी ग्राम कुचेसर रोड चोपला शाहपुर जट थाना बाबूगढ़ जिला हापुड़ के मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस के जरिए मौत की सूचना मिलते ही मृत चालक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## संक्षिप्त खबरें

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने ब्रांड एंबेसडर अमिताभ बच्चन का भारत का पहला एआई-पॉवर्ड इंटरैक्टिव अवतार पेश किया

**गुरुग्राम।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने देश के सबसे प्रसिद्ध और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन का एआई-पॉवर्ड होलोग्राफिक डिजिटल अवतार पेश किया है। इसने ग्राहकों को खुद से जोड़ने और डिजिटल इनोवेशन के मामले में एक नई मिसाल कायम की है। इस होलोग्राफिक एक्सटेंडेड रियलिटी (एचएक्सआर) डिवाइस में टच क्षमता है, जिससे यूजर्स सीधे डिजिटल अवतार के साथ बातचीत कर सकते हैं। यह क्राँतिकारी टेक्नोलॉजी ग्राहकों के लिए बैंकिंग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगी, जिसमें उन्हें व्यक्तिगत सहायता और एक अद्वितीय सेवा अनुभव मिलेगा। यह पहल आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की डिजिटल-प्रथम सोच और इनोवेशन को प्रखर रखने वाले ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है। लॉन्च के मौके पर, श्रीपद शिंदे, हेड-बिजनेस एक्सीलेंस और कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, "हम खुद को गर्वित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि हम बैंकिंग इंडस्ट्री में पहले हैं, जिन्होंने इस एआई-पॉवर्ड होलोग्राफिक इनोवेशन को संभव बनाया है। इसके साथ, हमने अपने ग्राहकों के लिए हमारी चुनिंदा शाखाओं में बातचीत का एक पूरी तरह से नया तरीका पेश किया है, जिससे बैंकिंग की परिभाषा बेहद सरल, तेज और अधिक रोचक हो गई है। विंग कमांडर रमेश पुलपाका, सीईओ और डायरेक्टर- एबी कॉर्प लिमिटेड, के साथ इस अद्वितीय अवधारणा को साकार करने के लिए हमारी यात्रा अद्भुत रही है, और मुझे खुशी है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने इस अनूठी यात्रा में अमिताभ बच्चन के साथ भागीदारी की है।" श्री अमिताभ बच्चन ने कहा, "आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की यह अनूठी पहल नवाचार की संभावनाओं को दशार्ती है, जो ग्राहकों के लिए एक समृद्ध और अर्थपूर्ण अनुभव पेश करती है। यह देखना अद्भुत है कि टेक्नोलॉजी कैसे लगातार विकसित हो रही है और हमें लोगों से जुड़ने के नए बेहतरीन तरीके प्रदान कर रही है। मुझे खुशी है कि मेरा डिजिटल अवतार इस क्राँतिकारी और महत्वपूर्ण बैंकिंग यात्रा का हिस्सा बन रहा है।"

IDFC FIRST Bank
ALWAYS YOU FIRST

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**बाराबंकी: अमरूद** के पेड़ से संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव लटकता हुआ पाया गया। शव पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। सतरिख थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव में 22 साल के प्रमोद कुमार का शव घर से 200 मीटर दूर नगर कोतवाली क्षेत्र के दारापुर के पास एकअमरूद के पेड़ से संदिग्ध परिस्थिति में लटकता हुआ पाया गया। परिजनों के अनुसार,आज शनिवार की सुबह प्रमोद कुमार सुबह करीब 5 :00 बजे शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन उसका मोबाइल और डब्बा पास के गड्ढे में पड़ा मिला।मृतक का शव खून से लथपथ था और शरीर पर कई कट के निशान थे। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद इस पूरे घटनाक्रम को लेकर हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता रमेश कुमार ने बताया कि उनके बेटे का आज ही गौना था और इस घटनाक्रम ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।गांव में एक व्यक्ति से प्रमोद की अनबन भी चल रही थी, जिसको लेकर परिजनों और लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। घटनास्थल पर दोनों थाना क्षेत्रों की पुलिस मौजूद थी। नगर कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर मणि त्रिपाठी ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में दो सगे भाइयों सहित तीन की मौत

**बागपत:** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे से तीन मजदूरों की मौत हो गयी। यह हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर कोयला उतारकर अपने घर के लिए लौट रहे थे। मरने वालों में दो सगे भाई हैं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया । घटना शुक्रवार रात्रि की है। दोघट पुलिस ने बताया है कि एक बाइक पर सवार तीन मजदूर बडौत बुढ़ाना मार्ग से होते हुए बडौत की ओर आ रहे थे। रास्ते में बामनोली के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें दो को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया,जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा तीनों की पहचान कराकर सूचना उनके परिजनों को दी गयी।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पिंडारी में छात्रा की मौत

**जालौन: एट थाना** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिंडारी में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में छाया पुत्री मुलायम सिंह अहिरबार उम्र 13 वर्ष की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताया रहा है कि कक्षा छठी की छात्रा थी। पिछले वर्ष विद्यालय में दाखिला लिया था। उसका पैतृक गांव भरषूणा है। कुछ लोगों ने दबी जुबान से बताया कि छात्रा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी, जिसमें स्टॉफ की लापरवाही की वजह से उसकी मौत हो गई। लोगों को कहना है कि 11 से 12 लोगों का स्टॉप है। रात्रि कोई रुकता नहीं,बच्चों को छोड़कर सब चले जाते हैं। जब छाया की हालत सीरियस हो गई।

# बदलापुर महोत्सव में 501 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुर: बदलापुर** में दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव का आयोजन शनिवार से शुरू होकर रविवार तक चलेगा। महोत्सव के पहले दिन शनिवार को लगभग 500 जोड़ों का सामूहिक विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराया गया, जिसमें 10 मुस्लिम जोड़े का निकाह पूरे रस्मों रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए जनपद के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री डॉ ए के शर्मा ने पहुंचकर आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर 10 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल का भी वितरण किया गया।



जिसको पाकर दिव्यांगजन काफी खुश नजर आ रहे थे। बदलापुर महोत्सव में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही सरकार द्वारा आम जनता को प्रदान किए जाने वाले तमाम तरह की सरकारी सुविधाओं के बारे में भी लोगों को जानकारी दिया जा रहा है। महोत्सव में जनपद ही नहीं अन्य प्रदेशों के भी तमाम जनप्रतिनिधि उद्योगपति भी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विधायक बदलापुर के सहयोग से काफी संख्या में सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया है, जिसमें 10 मुस्लिम जोड़े भी शामिल है इनका भी निकाह कराया गया है। साथ ही साथ 10 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण भी किया गया है। सामूहिक विवाह के दौरान उपस्थित जन समूह को आनंद करने के लिए तमाम तरह मंगल गीत का भी आयोजन किया गया। विवाह के दौरान गए जाने वाले तमाम गीतों को भी महिलाओं ने मंच से गया। विभिन्न प्रदेशों से आए तमाम कलाकारों ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री के शर्मा को सम्मानित किया गया, साथ ही साथ मोनी बाबा के रूप में विख्यात संत को भी मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस दौरान जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, बदलापुर के भाजपा विधायक रमेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत: जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मीरजापुर: राष्ट्रीय** लोक अदालत के आयोजन को सफल बनाने के लिए जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्र ने शनिवार को विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह लोक अदालत आगामी 14 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। प्रचार वाहन का उद्देश्य आम नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व और इसकी प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना है। लोक अदालत में विवादित मामलों को त्वरित और सुलभ तरीके से निपटाने की सुविधा प्रदान की जाती है, जिससे




अदालतों पर बढ़ते बोझ को कम किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत के इस आयोजन से कई लंबित मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत एक ऐसा मंच है जहां नागरिक अपने मामले बिना अतिरिक्त खर्च और समय बर्बाद किए सुलझा सकते हैं।

### सोनभद्र में ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत

**सोनभद्र: घोरावल कोतवाली** क्षेत्र में शनिवार की सुबह ट्रक के धक्के से बाइक सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई जबकी दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुरना गांव निवासी 34 वर्षीय बबलू उर्फ रामेश्वर हरिजन पुत्र हीरालाल व 25 वर्षीय प्रिंस मौर्य पुत्र राम दुलारे शनिवार की सुबह एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से गांव में गए हुए थे। काम के बाद वापस अपने घर की तरफ बाइक से लौट रहे थे, इसी दौरान ट्रक के धक्के से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल अवस्था में दोनों को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही बबलू को मृत घोषित कर दिया।

# 19 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौन: जालौन** के कोंच कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध हालत में एक 19 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी तब हुई, जब उसका पिता कमरे में उसे बुलाने गया, जहां उसे फंदे पर झूलता हुआ देखा, उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने युवक को फांसी को लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सुरही चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। घटना कोंच कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 26 की है। इस कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 26 में ध्रुव रायकवार 19 वर्ष पुत्र शिशुपाल मजदूरी करके अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहा था, साथ ही वह नशे का भी आदी था, शनिवार को उसने संदिग्ध हालत में अपने आवास के कमरे में पंखे की हुक से गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उसका पिता शिशुपाल उसे मजदूरी के लिए बुलाने पहुंचा, जहां उसे फंदे पर झूलता हुआ देखा, उसके होश उड़ गए और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने मामले की जांच करने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ इस मामले की जांच शुरू कर दी कि मृतक ने किन परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

# चार करोड़ की लागत से बनेगा कल्याण मंडप

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौन: जालौन** नगर पालिका के द्वारा सामाजिक हित में एक सराहनीय फैसला लिया गया है। बोर्ड की बैठक में तय हुआ कि जो परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और जो बड़े गेस्ट हाउस बुक नहीं करा सकते, ऐसे परिवारों के लिए शहर में ही 4 करोड़ की लागत से एक विवाह घर तैयार किया जाएगा। इसको लेकर प्रस्ताव पारित कर दिया गया है और इस कार्ययोजना को नगर विकास मंत्रालय के द्वारा स्वीकृत करा लिया गया है। दरअसल, जालौन शहर में 4 करोड़ रुपये की लागत से कल्याण मंडप बनाया जाएगा। नगर विकास मंत्रालय द्वारा नगर पालिका की ओर से भेजे गए प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। नगर पालिका की पहली बोर्ड मीटिंग में इस मंडप भवन को बनाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। नगर पालिका की ओर से भेजे गए इस प्रस्ताव को नगर विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। साथ ही कल्याण मंडप के निर्माण को मंजूरी दी गई है।



**मंडप भवन से बेटियों के हाथ होगे पीले : चेयरमैन** नगर पालिका चेयरमैन जालौन नेहा पुनीत मित्तल ने बताया कि शहर में गरीब व निर्धन परिवारों को शादी विवाह के लिए मंडप भवन नहीं था।

नगर पालिका की पहली बोर्ड मीटिंग में इस मंडप भवन को बनाए जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। नगर पालिका की ओर से भेजे गए इस प्रस्ताव को नगर विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। इसके लिए छत्रसाल इंटर कॉलेज मैदान के पीछे खाली पड़े मैदान में भूमि का चयन कर लिया गया है। बजट प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। कल्याण मंडप के निर्माण से गरीब व निराश्रित वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचेगा।

# अटाला मस्जिद ने मंदिर घोषित करने संबंधी याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: उत्तर प्रदेश** के जौनपुर में स्थित अटाला मस्जिद ने एक स्थानीय अदालत के मई 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है। जिसमें एक मुकदमे के पंजीकरण की अनुमति दी गई है। जिसमें दावा किया गया है कि मस्जिद मूल रूप से एक प्राचीन मंदिर था जिसे ह्लअटाला देवी मंदिरह्ल कहा जाता था। यह वाद स्वराज वाहिनी एसोसिएशन (एसवीए) के प्रतिनिधि और संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जौनपुर की एक स्थानीय अदालत में दायर किया गया है। इस मुकदमे में यह घोषित करने की मांग की गई थी कि 14वीं



शताब्दी की विवादित सम्पत्ति ह्लअटाला देवी मंदिरह्ल है और सनातन धर्म के अनुयायियों को वहां पूजा करने का अधिकार है। इन वाद में स्थानीय अदालत से अनुरोध किया गया है कि उन्हें विवादित सम्पत्ति पर कब्जा दिलाया जाए। साथ ही, वे गैर-हिंदुओं को विवादित सम्पत्ति में प्रवेश करने से रोकने के लिए अनिवार्य निषेधाज्ञा की भी मांग की गई है। ट्रायल कोर्ट ने पहले मुकदमे को प्रतिनिधि क्षमता में (सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 1 नियम 8 के तहत) आगे बढ़ाने की अनुमति दी थी। जिस निर्णय को इस वर्ष अगस्त में जिला न्यायाधीश ने बरकरार रखा था। इन दोनों आदेशों को अब मस्जिद द्वारा हाईकोर्ट में दायर याचिका में चुनौती दी गई है।

वक्फ अटाला मस्जिद (याचिकाकर्ता) का तर्क है कि हिन्दू पक्ष का मुकदमा मूल रूप से दोषपूर्ण है, क्योंकि वादी, जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत सोसायटी है, एक कानूनी व्यक्ति नहीं है और इसलिए उसके पास प्रतिनिधि क्षमता में मुकदमा दायर करने का कानूनी आधार नहीं है। मस्जिद ने कहा कि सोसायटी के नियम भी उसे इस तरह के मुकदमे में शामिल होने की अनुमति नहीं देते। हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका में आगे तर्क दिया गया है कि चर्चा में आने वाली सम्पत्ति हमेशा से मस्जिद रही है और यह कभी भी किसी अन्य धर्म के अनुयायियों के कब्जे या स्वामित्व में नहीं रही है। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि 1398 में इसके निर्माण के बाद से इस सम्पत्ति का लगातार मस्जिद के रूप में उपयोग किया जा रहा है, तथा मुस्लिम समुदाय यहां नियमित रूप से जुमे की नमाज सहित अन्य नमाज अदा करता रहा है। जौनपुर सिविल कोर्ट के समक्ष अपने मुकदमे में हिन्दू वादी ने दावा किया है कि विचाराधीन सम्पत्ति में अटाला देवी मंदिर हुआ करता था, जिसका निर्माण 13वीं शताब्दी में राजा विजय चंद्र ने कराया था।

# मुस्लिम वोटों के लिए सपा और कांग्रेस चिल्ला रही संभल-संभल: मायावती

## मुस्लिम समाज के लोग सपा-कांग्रेस से रहे सावधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ: बहुजन समाज** पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया है। उन्होंने कहा है कि इस समय संसद चल रहा है। विपक्ष देश व यहां जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में संभल में हुई हिंसा की आड़ में खासकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोटों को रिझाने में जुटे हुए हैं। ये पार्टिया मुस्लिम समाज के लोगों को अभी आपस में लड़ा रही है, जिससे मुस्लिम समाज के लोगों को सतर्क रहना जरूरी है।

मायावती ने कहा कि ज्यादा दुख की बात यह है कि जिनकी बदौलत से संसद में दलित वर्ग के सांसद पहुंचे हैं वो भी अपनी-अपनी पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दों पर अधिकांशः चुप ही बैठे हुए है। चाहे वो दलितों के उत्पीड़न का मामला अपने देश का हो या फिर बांग्लादेश का हो तो वहीं दूसरी तरफ पड़ोसी देश बांग्लादेश में सभी वर्गों के हिन्दू लोग जो बड़ी संख्या में जुल्म ज्यादती के शिकार हो रहे है।

मायावती ने कहा कि मुस्लिम वोट पाने के लिए संभल-संभल चिल्लाया जा रहा है। इस मामले में सपा-कांग्रेस व इनके समर्थक दल एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। उनका कहना है कि भाजपा और उनके नेतृत्व में चल रही केंद्र की सरकार अपनी जिम्मेवारी को आगे बढ़चढ़ के निभाये, ताकि सबसे ज्यादा शोषण का शिकार हो रहे दलित व अन्य वीकर सेक्शन के लोगों को वहां और ज्यादा शिकार न होना पड़े।

# आदर्श रसोई में मनायी गई स्व. संतोष छाबड़ा की चौथी पुण्यतिथि

● आदर्श रसोई के सभी सदस्य और छाबड़ा परिवार के लोग हुए शामिल, आदर्श रसोई के संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा की धर्मपत्नी थी स्वर्गीय संतोष छाबड़ा




















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर हर रविवार को आयोजित होने वाली ह्लआदर्श रसोईह्व ने अपने तीसरे वर्ष के 35वें रविवारीय आयोजन के पड़ाव को भी पार कर लिया है। इस बार आदर्श रसोई के संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा की धर्मपत्नी स्वर्गीय संतोष छाबड़ा की चौथी पुण्यतिथि मनायी गई। इस मौके पर पूरा छाबड़ा परिवार परिवार मौजूद रहा।

## आदर्श रसोई ने मनायी स्वर्गीय संतोष छाबड़ा जी की पुण्यतिथि

हर बार की तरह इस बार भी आदर्श नगर के ह्ल राकेश भारद्वाज चौकह्व पर आदर्श रसोई का भव्य आयोजन किया गया। ये रसोई का तीसरे वर्ष का 35वाँ रविवारीय आयोजन था। इस बार आदर्श रसोई के संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा की धर्मपत्नी स्वर्गीय संतोष छाबड़ा की चौथी पुण्यतिथि मानती गई। इस मौके पर पूरा छाबड़ा परिवार मौजूद रहा। साथ ही आदर्श रसोई के सभी सदस्य भी शामिल हुए।

## छाबड़ा परिवार और रसोई के सदस्यों ने

## रखे अपने विचार

इस मौके पर आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, राकेश जुनेजा, आदर्श नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत सिंह बंटी, भाजपा नेता अनुभव धीर सहित छाबड़ा परिवार से स्नेह छाबड़ा, राजेश छाबड़ा, गोपी छाबड़ा के अलावा अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान स्नेह छाबड़ा ने जहां माँ के महत्व पर एक कविता पाठ किया तो वहीं अन्य लोगों ने छाबड़ा परिवार और संतोष छाबड़ा की से जुड़े अपने संस्मरण पेश किए।

## ये लोग रहे मौजूद

संस्था के चेयरमैन मोहन गर्ग, प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा, वाईस चेयरमैन और गढ़वाल बेकर्स के मालिक राम लाल उनियाल, संरक्षक गुरदयाल छाबड़ा, संरक्षक सुरेंद्र त्यागी, संरक्षक नीलम बुद्धिराजा, संरक्षक सिकंदर पाल माखीजा, संरक्षक सतपाल यादव, संयोजक रवि भारद्वाज, उपप्रधान राकेश जुनेजा, महासचिव विनोद गर्ग, पम्मी मल्होत्रा, सतपाल सेतिया, संजय बंगिया, उपप्रधान रिंकू कोहली, तरसेम सिंह, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा, विनीत गुप्ता, नरेश कपाही, रोहित त्यागी, धीरज सिंघल, राजेश छाबड़ा, मोहित कुमार, राहुल राजपुरोहित, पवन कोहली परिवार सहित छाबड़ा परिवार से जुड़े नजदीकी लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।







# बेटी और उसके सम्मान की रक्षा सरकार का लक्ष्य: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पिंडरा में 401 जोड़ों के विवाह समारोह में मौजूद रहे सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी द्वारा 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद जिस नए भारत का निर्माण हुआ, उसमें महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान बनाया गया। पीएम मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से जो कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके जरिए देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करके खुद को साबित किया जा रहा है। बेटियों का संरक्षण हर हाल में हो, उन्हें बचाया-पढ़ाया जा सके। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार का संकल्प है कि हर हाल में बेटी और उसके सम्मान की रक्षा करना है। साथ ही 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम को बेटी के सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के साथ जोड़ना है और इसी के तहत




सामूहिक विवाह का ऐतिहासिक कार्यक्रम हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में उपस्थित हुए। सीएम ने नवदंपति को मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हुए उन पर पुष्पवर्षा भी की।

**हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा और पीएम-सीएम आवास नारी गौरव का** प्रतीक

सीएम योगी ने कहा कि बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व दे सकती हैं और इसी के लिए हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा का प्रतीक बना। पीएम-सीएम आवास योजना नारी गौरव का प्रतीक बना। धुएं से मुक्त करने के लिए उज्ज्वला योजना का फ्री कनेक्शन बहन-बेटियों की आंखों के साथ-साथ फेफड़ों की सुरक्षा का बड़ा कदम था। देश में 10

**भव्य आयोजन**

▸▸ जब दहेज रूपी दानव संकट खड़ा करता है तो मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बनती है नजीर: योगी

करोड़ और यूपी में इससे लगभग दो करोड़ परिवार लाभान्वित हुए।

**आयोजन दे रहा संदेश- हम सब मिलकर सामाजिक कुरीति पर कर सकते हैं जोरदार प्रहार**

सीएम योगी ने कहा कि यह आयोजन संदेश दे रहा है कि हम सब सामूहिक रूप से मिलकर सामाजिक कुरीति पर जोरदार प्रहार कर सकते हैं। यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैवाहिक बंधन में जुड़ रहे 401 वर-वधू का संकल्प महान, अभिनंदनीय, सराहनीय है।

# उत्तराखंड में बढ़ती ठंड के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** राज्य में बढ़ती ठंड और बारिश के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी जिलों में रैनबसेरों में पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और जरूरतमंद लोगों को कंबल, रजाई आदि वितरित किए जाएं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग की ओर से राज्य में बारिश और ठंड की चेतावनी को देखते हुए सभी जिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार रैन बसेरे शुरू करने के साथ ही रैनबसेरा में आवासहीन लोगों को शिफ्ट किया जाए।

# सौर ऊर्जा से संचालित हो रहीं जल जीवन मिशन की 33 हजार योजनाएँ

**बिजली आपूर्ति**

▸▸ वर्तमान में योगी सरकार 900 मेगावाट के सोलर पैनल से योजनाओं को दे रही बिजली आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी गंभीर हैं। यही वजह है कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस पहल से न केवल



ऊर्जा खपत में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरणीय सुधार और सरकारी संसाधनों की बचत भी सुनिश्चित होगी। इससे जहां एक ओर प्रति वर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा, वहीं पारंपरिक बिजली आपूर्ति में हो रहे खर्च में कमी आएगी। इससे सरकारी खजाने में भी बढ़ोत्तरी होगी।

**900 मेगावाट के सोलर पैनल से 33,229 योजनाओं को किया जा रहा संचालन**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में जल जीवन मिशन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में जल जीवन मिशन की कुल 40,951 योजनाएं संचालित हैं। इसमें फेज-1 के तहत सतही भूजल स्त्रोत आधारित 204 योजनाएं, विद्युत आधारित भूजल 7,504 योजनाएं, फेज-4 के तहत सतही स्त्रोत आधारित 14 योजनाएं और सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं शामिल हैं।

# सरोवरनगरी में सैलानियों का सैलाब, सर्द मौसम में मस्ती की गर्माहट

**पर्यटन**

▸▸ नैनीताल पुलिस को सप्ताहांत के लिये हल्द्वानी से ही नयी यातायात योजना बनानी पड़ रही है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी सरोवर नगरी नैनीताल में कुछ वर्षों पूर्व तक शीतकाल पर्यटन के लिहाज से ऑफ सीजन कहा जाता रहा है, लेकिन अब नगर की यह छवि बदल रही है। नैनीताल पुलिस को सप्ताहांत के लिये हल्द्वानी से ही नयी यातायात योजना बनानी पड़ रही है। नगर में वाहनों को रोक-रोक कर भेजना पड़ रहा है। इसके बावजूद नगर में सैलानी नगर में बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं और सर्दी के मौसम में भी यहां सैलानियों की गर्मागर्मी नजर आ रही है। सैलानी नगर के प्रमुख आकर्षण नैनी झील में नौकायन के साथ मॉल रोड पर सैर के साथ नगर में गुनगुनी सर्दी का आनंद आनंद उठा रहे हैं। नगर में रोपवे केबल कार, केव गार्डन, घुड़सवारी के साथ ही लवर्स प्वाइंट, लैंड्स इंड, हिमालय दर्शन आदि पर्यटन स्थलों का भी आनंद उठा रहे हैं। नगर की लोवर मॉल रोड पर मल्लीताल में, नैनीताल क्लब से नीचे स्टेट बैंक तिराहे तक एवं अपर मॉल रोड पर तल्लीताल एवं तल्लीताल डांठ पर चल रहे सड़क निर्माण के सभी ओर वाहन सरक-सरक कर चलते नजर आ रहे हैं।

# होमगार्ड्स जवानों को बड़ी राहत, मुख्यमंत्री ने की कई अहम घोषणाएं

### होमगार्ड्स और नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका 2024 का विमोचन-होमगार्ड्स जवानों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति की धनराशि के चेक का वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** धामी सरकार ने शनिवार को होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर नौ हजार फिट से अधिक ऊचांई पर ड्यूटीरत होमगार्ड्स जवानों को पुलिस कार्मिकों और एसडीआरएफ की तरह प्रति जवान को 200 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने सहित चार घोषणाएं की है। शनिवार को ननूरखेड़ा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगार्ड्स स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रैतिक परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर होमगार्ड्स जवानों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति की धनराशि के चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने



होमगार्ड्स और नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका 2024 और विभागीय कलेण्डर 2025 का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को 200 प्रतिदिन अतिरिक्त प्रोत्साहन के साथ ही प्रशिक्षित होमगार्ड्स को तैनाती होने पर 100 रुपये प्रति जवान को प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि अनुमन्य की जाएगी। होमगार्ड्स विभाग के राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रत्येक तीन वर्ष में दिये जाने वाले वर्दी भत्ता को प्रतिवर्ष किया जाएगा। 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक होमगार्ड्स को होमगार्ड्स कल्याण कोष से दी जाने वाली अनुग्रह राशि में 50 हजार रुपये की बढ़ोत्तरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण अगर कहीं स्पष्ट देखने को मिलता है तो वह जवानों के मध्य आकर देखने को मिलता है। होमगार्ड्स संगठन राज्य में सामाजिक सुरक्षा और व्यवस्था नियंत्रण के लिए सक्रिय रूप से काम करता है। हर स्थिति में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए तत्पर रहते हैं। होमगार्ड्स जवान कानून -व्यवस्था को बनाए रखने, यातायात नियंत्रित करने, चारधाम यात्रा, कुम्भ मेला एवं कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी आवश्यकता पड़ने पर हमेशा तैयार रहते हैं। हमारे ये जवान जहां कम वहां हम की भावना से कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे इन जवानों के हौंसले और समर्पण को सम्मान देते हुए राज्य सरकार ने उनके कल्याण और संगठन के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लिये हैं। प्रेमनगर, देहरादून में एक अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज का निर्माण किया जा रहा है।

**उत्थान**

▸▸ समर्पण को सम्मान देते हुए राज्य सरकार ने उनके कल्याण और संगठन के उत्थान के लिए अनेक निर्णय लिये